CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 14°C

हल्द्वानी, शनिवार 8 नवम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 73 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





अखिलेश से मिले आजम खां, बोले 'अब भी जिंदा हैं पत्थर से मजबूत लोग' पेज 2






ब्रिस्बेन में सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने के आसार खेल टाइम्स





परीक्षा देने का सबसे अच्छा समय क्या है सम्पादकीय


पाकिस्तान एटमी हथियारों की तस्करी कर रहा: भारत पेज 12


## संक्षिप्त समाचार

### गायिका-अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का हुआ अंतिम संस्कार



**मुंबई।** हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका और अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का शुक्रवार को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर परिवार के सदस्य और करीबी लोग मौजूद थे। सुलक्षणा पंडित का गुरुवार शाम लंबी बीमारी के बाद 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। सुलक्षणा पंडित 1970 और 1980 के दशक के आरंभ में लोकप्रिय गायिका एवं अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई और उन्होंने उस समय हिंदी फिल्में के बड़े सितारों जितेन्द्र, संजीव कुमार, राजेश खन्ना, विनोद खन्ना, शशि कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ फिल्में की। उन्होंने अपने अभिनय की शुरुआत 1975 की सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म 'उलझन' में संजीव कुमार के साथ की और उन्होंने क्लासिक उपन्यास परिणीता पर आधारित अनिल गांगुली की फिल्म 'संकोच' (1976) में लोलिता की भूमिका के लिए प्रशंसा अर्जित की। उनकी फिल्मों में हेरा फेरी, अपनापन, खानदान, चेहरे पे चेहरा, धरम कांटा और वक्त की दीवार जैसे लोकप्रिय फिल्में शामिल हैं।

### 68 करोड़ के बैंक गारंटी मामले में रिलायंस पावर का संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़ी जाली ऋण गारंटी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के नवीनतम घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को एक और संदिग्ध अमरनाथ दत्ता को गिरफ्तार किया। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दत्ता को रिलायंस पावर लिमिटेड की एक सहायक कंपनी द्वारा सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को 68 करोड़ रुपये से अधिक की जाली बैंक गारंटी (बीजी), फर्जी बैंक गारंटी अनुमोदन और एसएफएमएस जमा करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने व्यापार के लिए वित्तीय सेवा उपलब्ध कराने के नाम पर परामर्श सेवाएं प्रदान करने का दावा किया था। दत्ता ने पहले गिरफ्तार किए गए अशोक पाल और पार्थसारथी बिस्वाल के साथ मिलकर फर्जी बैंक गारंटी प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। अमरनाथ दत्ता को नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 नवम्बर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया।

### अतीक के बहनोई, वकील, ड्राइवर और नौकर की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी रहे अतीक अहमद के बहनोई डा. अखलाक अहमद, वकील विजय मिश्रा, ड्राइवर व नौकर नियाज की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। सभी आरोपियों की ओर से दाखिल अपराधिक अपील पर न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकल पीठ सुनवाई कर रही थी। मेरठ निवासी अतीक के बहनोई डा. अखलाक अहमद पर हत्याकांड के बमबाज गुड्डू मुस्लिम को शरण देने का आरोप है। जबकि, बाकी मुल्जिमों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। हत्याकांड के बाद से फरार बमबाज गुड्डू मुस्लिम पांच लाख का इनामी है। पुलिस का दावा है कि घटना को अंजाम देने के बाद इसने डा. अखलाक के मेरठ स्थित घर पर शरण ली थी। मेरठ से गिरफ्तार एकलाख ने जमानत पर रिहाई के लिए सितम्बर 2023 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। डा. अखलाक के अधिवक्ता ने दलील दी थी कि उनका नाम एफआईआर में नामजद नहीं है। वह पेशे से डाक्टर हैं। अपराध की दुनिया से उसका कोई वास्ता नहीं है। उसे केवल अतीक के रिश्तेदार होने के कारण फंसाया गया है। अतीक के वकील विजय पर उमेश पाल हत्याकांड में मुखबिरी करने का आरोप है।

# मोदी से चल रही अच्छी बात, जल्द करूंगा भारत का दौरा: ट्रम्प

वाशिंगटन, वार्ता

- टैरिफ विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति का बड़ा ऐलान
- कहा- भारत ने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद किया, मोदी मेरे दोस्त हैं, उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है



**अमेरिका के राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत बेहद अच्छी चल रही है और वे जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। ट्रम्प ने मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा हमारे बीच बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद कर दिया है।

मोदी मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं और उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है। हम तारीख तय करेंगे, प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं और मैं भारत जाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अगले साल भारत का दौरा करेंगे, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, हो सकता है, हां। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत अभी जारी है। ट्रम्प ने कहा कि ट्रेड के कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन हमारी टीम इस पर काम कर रही है। हालांकि दोनों देशों के बीच बीते कुछ समय से व्यापार को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजारों को और अधिक खोलने पर विचार करे, जबकि भारत कृषि और तकनीकी क्षेत्र में अमेरिकी रियायतों की उम्मीद कर रहा है। ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान भी दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक समझौतों पर बात हुई थी, लेकिन कुछ मतभेदों के कारण वे अधूरे रह गए थे। ट्रम्प ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रम्प इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे।

### सीबीआई ने अकील अख्तर की संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और पंजाब की पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री रजिया सुल्ताना के बेटे अकील अख्तर की गत 16 अक्टूबर को पंचकूला में हुई संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली। सीबीआई ने शुक्रवार को बताया कि अकील अख्तर की संदिग्ध मौत का मामला सबसे पहले 20 अक्टूबर को पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स पुलिस थाने में दर्ज किया गया था।

# आवारा कुत्तों को सड़कों-हाईवे से हटाएं

## सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया अहम निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नगर पालिकाओं को भी शीर्ष अदालत ने निर्देश किया जारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अहम निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि सभी आवारा पशुओं को सड़कों, राज्य के हाईवे और राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर राज्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नगरपालिकाओं को भी निर्देश जारी किया है।

इतना ही नहीं कोर्ट ने निर्देश दिया है कि आवारा पशुओं को हटाने के लिए हाईवे निगरानी टीमें बनाई जाएं जो उन्हें पकड़ कर सड़कों से हटाएंगी और शेल्टर होम्स में रखेंगी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में आगे आवारा कुत्तों के मुद्दे पर भी आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, बस और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए और उन्हें शेल्टर होम में जगह दी जाए। साथ ही उन्हें टीकाकरण के बाद भी उसी इलाके में न छोड़े जाने के निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान कुत्तों के काटने के मामलों में चौंकाने वाली बढ़ोतरी की बात कही और आदेश दिया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के बाद उन्हें शेल्टर में टीके दिए जाएं। इसके बाद उन्हें पुरानी जगहों पर न छोड़ा जाए। इसके अलावा सार्वजनिक जगहों पर आवारा कुत्तों के दोबारा न घुसने देने के इंतजाम भी तय हों। कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 13 जनवरी को करेगी। पीठ ने आवारा कुत्तों को सार्वजनिक रूप से भोजन कराने पर भी रोक लगाई और उनके लिए भोजन स्थल बनाने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से आगे बढ़ाकर इसे पूरे भारत में लागू कर दिया है। पीठ ने शुक्रवार को स्वत: संज्ञान लेकर आवारा कुत्तों के मामले में यह आदेश पारित किया।


### विमान हादसा: पायलट के पिता की याचिका पर केंद्र- डीजीसीए से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए पायलट के पिता की स्वतंत्र जांच की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब तलब किया है। वहीं इस मामले में कोर्ट ने मृत पायलट के पिता से साफ कहा कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में भी पायलट के खिलाफ कोई आरोप नहीं है। कोर्ट ने पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल के 91 वर्षीय पिता से कहा कि उनके बेटे को हादसे के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है और उन्हें खुद पर इसका बोझ नहीं लेना चाहिए।पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी किया है।

### SIR: DMK की याचिका पर सुनवाई को तैयार हुआ कोर्ट

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने राज्य में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट 11 नवम्बर को इस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। डीएमके की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील विवेक सिंह ने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की, जिसके बाद पीठ ने याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध करने की बात कही। डीएमके के संगठन सचिव आरएस भारती ने चुनाव आयोग द्वारा तमिलनाडु में एसआईआर कराने के फैसले के खिलाफ 3 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# 1937 में विभाजन के बीज बोए गए, वही सोच आज भी देश के लिए बड़ी चुनौती: मोदी



- कहा: आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया है।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इसकी आत्मा का एक हिस्सा, वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को अलग कर दिया गया। वंदे मातरम को खंडित किया गया, उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए। वंदे मातरम के इसी विभाजन ने देश के विभाजन के बीज भी बोए... आज की पीढ़ी के लिए यह जानना जरूरी है कि यह अन्याय क्यों हुआ, क्योंकि वही विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है। वंदे मातरम, ये शब्द एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। वंदे मातरम, ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है, ये हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है और हमारे भविष्य को ये नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल समस्या, 300 उड़ानें प्रभावित

- यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

**नई दिल्ली/मुंबई।** दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार को हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खामी के कारण लगभग 300 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। सैकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसका असर मुंबई के हवाई अड्डे पर भी देखा गया है।

मुंबई में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई एयरपोर्ट की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया कि दिल्ली स्थित स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में आई एक तकनीकी समस्या के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर भी उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल (एटीसी) में इस प्रणाली से मदद मिलती है। संबंधित अधिकारी इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

# दिल्ली में सीजन की सबसे ठंडी रात

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अगले दो-तीन दिन में कड़ाके की ठंड का अनुमान जताया

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड ने दस्तक दे दी है। दिल्ली में गुरुवार को इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री तक गिर गया।

इस सर्दी सीजन में पहली बार है जब तापमान 15 डिग्री से नीचे चला गया। इससे पहले, इस साल का न्यूनतम तापमान 26 अक्टूबर को 15.8 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों में मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली सहित मध्य और उत्तर भारत के राज्यों में तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। तापमान में गिरावट के साथ ठंडी हवाएं भी चलेंगी। इससे कड़ाके की ठंड का एहसास होगा। राजस्थान के 3 शहरों में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज हुआ। नागौर में 9.4 और बीकानेर के पास लूणकरणसर में 8.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के औसत तापमान में गुरुवार रात 6.1 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। राज्य के राजगढ़ में सबसे कम 11 डिग्री तापमान रहा। इंदौर में 12. 1 डिग्री और भोपाल में 13 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

### वंदे मातरम की ध्वज वाहक है कांग्रेस: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर खड़गे ने कहा कि वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया। वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है। खड़गे ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वंदे मातरम की गर्वित ध्वजवाहक रही है। साल 1896 में कलकत्ता में कांग्रेस के अधिवेशन के दौरान तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष रहमतुल्लाह सयानी के नेतृत्व में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने पहली बार सार्वजनिक रूप से वंदे मातरम गाया था। उस पल ने आजादी की लड़ाई में नई जान फूंक दी।

# पूरा चुनाव ही चोरी कर लिया गया: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस नेता का पीएम मोदी पर तीखा हमला
- कहा: नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक बार फिर भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पूरा चुनाव चोरी किया गया और नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

हालांकि भाजपा ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि राहुल गांधी अपनी नाकामी को छिपाने के लिए देश के लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, हमारे पास बहुत सारा मैटेरियल है। हम वोट चोरी का पर्दाफाश करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे। हम भारत के जेन जी, युवाओं को साफ तौर पर दिखाएंगे कि नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं और भाजपा चुनाव चोरी करती है। बुधवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह एक सामान्य सी बात है। मैंने अपनी प्रेजेंटेशन में दिखाया कि हरियाणा चुनाव, चुनाव नहीं था, और बड़े पैमाने पर चोरी हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि मेरे द्वारा लगाए गए सभी आरोपों पर चुनाव आयोग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है और भाजपा लगातार चुनाव आयोग का बचाव कर रही है, लेकिन वे मेरी कही बात को गलत नहीं बता रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि हरियाणा चुनाव के दौरान मतदाता सूची में 25 लाख एंट्री फर्जी थीं और चुनाव आयोग ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भजापा के साथ मिलीभगत की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि मीडिया ब्राजीली मॉडल के मुद्दे को उठा रहा है।

# 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

- मारे गए बदमाश की पहचान वाकिफ के रूप में हुई

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आजमगढ़ स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश मार गिराया गया।

पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि जोकहरा गांव के पुल के पास हुई इस मुठभेड़ में तीन अन्य बदमाश मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। मारे गए बदमाश की शिनाख्त वाकिब उर्फ वाकिफ (27) निवासी थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ के रूप में की गई है । सिधारी क्षेत्र में हुई छिनैती की घटना के सुराग के लिए स्वाट टीम एवं थाना सिधारी पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ हुई।

# किसानों का परिश्रम व त्याग ही हमारी ताकतः सीएम

**मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री जोशी ने किया पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वृहद कृषक सम्मेलन का शुभारम्भ**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को राज्य के रजत जयंती उत्सव के अवसर पर पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वृहद कृषक सम्मेलन का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, दुग्ध, मत्स्य, सहकारिता के प्रगतिशील कृषक व लखपति दीदीयों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आये सभी किसानों को उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि किसान भाईयों का परिश्रम और त्याग ही हमारी सच्ची पूंजी है और उनका पसीना हमारी ताकत है। उन्होंने उत्तराखंड निर्माण के सपने को साकार करने में अपना योगदान देने वाले और बीते 25 वर्षों में राज्य को आत्मनिर्भर बनाने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले किसानो को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल कृषि संबंधी योजनाओं की चर्चा हेतु एक आम कार्यक्रम नहीं है, बल्कि उत्तराखंड के हमारे सभी किसान भाईयों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भी अवसर है।

उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश के संतु. लित विकास के लिए यह आवश्यक है कि हमारे किसान भाइयों की परेशानियां कम हों, वे सशक्त बनें। किसानों के सशक्तिकरण के बिना राष्ट्र का सशक्तिकरण अधूरा है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत के निर्माण का सपना भी तभी साकार हो सकता है, जब हमारा किसान विक. सित हो। हम सभी जानते हैं कि भारत आदि काल से ही एक कृषि प्रधान देश रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने की। इस अवसर पर दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, बलराज पासी, उत्तम दत्ता, खतीब अहमद, महापौर विकास शर्मा, दीपक बाली, सचिव मुख्यमंत्री एवं कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, सचिव एसएन पाण्डे, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल मंजूनाथ टीसी, सहित अनेक जनप्रति. निधि व बड़ी संख्या में कृषक बन्धु मौजूद थे।

## धरतीपुत्र हमारे अन्नदाता, किसान मजबूत होगा, तो देश शक्तिशाली होगा : जोशी

**पन्त नगर।** किसान सम्मेलन में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में सभी को रजत जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जितनी चिंता सीमा पर खड़े जवान की करते हैं, उतनी ही चिंता किसान की भी करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी में कृषि का अहम योगदान है और प्रधानमंत्री ने 10 करोड़ किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बागवानी के क्षेत्र में उत्तराखंड अब कश्मीर और हिमाचल के बाद तीसरे स्थान पर है। मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार ने ड्रैगन फ्रूट, एप्पल, कीवी और मिलेट के लिए विशेष नीतियां तैयार की हैं ताकि किसानों को अधिक लाभ मिल सके।कृषि मंत्री ने कहा कि "किसान हमारे अन्नदाता हैं, किसान मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि धामी सरकार किसानों के कल्याण और उनकी आजीविका को दोगुना करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं भी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। समूहों के माध्यम से महिलाएं आजीविका संवर्धन का कार्य कर रही हैं और अब तक 1.65 लाख महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं।

# पीएम का दौरा सुखद, विकास के रोड मैप पर मिलेगा मार्गदर्शनः भाजपा

**सदी के सर्वश्रेष्ठ राज्य की दिशा में अग्रसर कदमों को मिलेगी गति : चौहान**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी चौहान ने रजत जयंती कार्यक्रम मे पीएम मोदी की सहभागिता को सुखद बताते हुए कहा कि निश्चित रूप से न केवल इससे न केवल राज्य के विकास का रोड मैप पर सार्थक मार्गदर्शन प्राप्त होगा, बल्कि आगामी दशक के सर्वश्रेष्ठ राज्य की दिशा मे बढ़ रहे कदमों को भी गति मिलेगी।

चौहान ने कहा कि पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प देशवा. सियों के सामने रखा है। वर्ष 2050 उत्तराखण्ड राज्य स्थापना का स्वर्ण जयंती वर्ष होगा और आने वाले इन 25 वर्षों के लिए राज्य सरकार एक नया रोडमैप बनाकर आगे बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार प्रदेश भ्रमण के दौरान गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में शिरकत कर रहे हैं। युवाओं का उत्साह यह पुष्टि के लिए पर्याप्त है कि वर्ष 2027 के चुनाव में उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी पहले से भी अधिक बड़े बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी और धामी शानदार ऐतिहासिक हैट्रिक बनाने वाले हैं। चौहान ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण की रजत जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में रजतोत्सव समारोह आयोजित किए जा रहे हैं।

उत्तराखंड में प्रदेशभर में 11 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जा रहा है। यह सबके लिए गर्व का विषय है कि उत्तराखण्ड 25 वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा पूर्ण कर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।आने वाले इन 25 वर्षों के लिए राज्य सरकार एक नया रोडमैप बनाकर आगे बढ़ेगी। आगामी 9 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस पर मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

# प्रदेशभर के शिक्षण संस्थानों में मनाया जाएगा 'वंदे मातरम' स्मरणोत्सव

**शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने दिए निर्देश, शिक्षण संस्थानों में आयोजित हो राष्ट्रगीत पर आधारित कार्यक्रम**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**राष्ट्र गीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के सभी राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्र गीत 'वन्दे मातरम' स्मरणोत्सव मनाया जायेगा। जिसके तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में पखवाड़ेभर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिनमें रैली, मार्च पास्ट, भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगियाएं, गोष्ठियां व विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामि होंगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।

सूबे के स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को कोल. काता से विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा, संस्कृत शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा विभाग की वर्चुअल बैठक ली। जिसमें उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को राष्ट्र गीत 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के चिकित्सा व शिक्षा क्षेत्र के सभी राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्र गीत 'वन्दे मातरम्' स्मरणोत्सव को वृहद स्तर पर मनाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को 07 नवम्बर शुक्रवार से आगामी 26 नवम्बर तक सभी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रभावना से प्रेरित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराने को कहा। पखवाड़े भर चलने वाले इन कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत वन्देमातरम् की विषय वस्तु के तहत रैली, मार्च पास्ट, कविता पाठ एवं भाषण, निबंध, चित्रकला व पोस्टर, देशभक्ति गीत प्रतियोगिताएं साहित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम व गोष्ठियां भी आयोजित कराने के निर्देश दिये। वर्चुअल बैठक में निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अजय आर्य, निदेशक उच्च शिक्षा वी.एन. खाली, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती, निदेशक प्राथमिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल, निदेशक संस्कृत शिक्षा कंचन देवराड़ी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के दौरे से राज्य को बड़ी सौगातें मिलने की उम्मीदः चमोली

**देहरादून।** भाजपा विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने रजत जयंती पर पीएम मोदी के दौरे से राज्य को बड़ी सौगातें मिलने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा, 2014 के उपरांत जब से केंद्र में उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभाला, तब से उत्तराखंड में विकास की गति कई गुना बढ़ गई है। उनका प्रदेशवासियों से विशेष लगाव और अगाध प्रेम, राज्य के विकास के प्रति उनकी चिंता और असीमित मदद में स्पष्ट झलकता है। उनके कार्यकाल में राज्य को केंद्र से पिछली सरकारों के मुक. ाबले कई गुना मदद प्राप्त हुई हैं। आज लगभग सवा लाख करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाएं पूर्ण होने जा रही हैं। जिनमें कुछ का लाभ तो राज्य की अभी से हासिल होने लगा है, जैसे ऑल वेदर रोड से आज बारों महीने तीर्थयात्रा करना संभव हो रहा है।

# 1469 किमी सिंगल मार्गों को डबल लेन बनाया जाएगाः महाराज

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप लोक निर्माण विभाग राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2000 राज्य गठन के समय प्रदेश में सड़कों की कुल लम्बाई 15,470 किमी थी, जो कि इन 25 वर्षों में बढ़कर 43,765 किमी हो चुकी है। अगले 25 वर्षों में हमारा लक्ष्य अमृतसर-कोलकत्ता औद्योगिक गलियारे के तहत 10.60 किलोमीटर नगला-किच्छा मार्ग को दो लाइन से चार लाइन में परिवर्तित करने का कार्य जारी है।यह बात प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड की रजत जयंती पर विभागीय उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य में 5700 किलोमीटर कच्चे मार्गों को पक्के मोटर मार्गो में परिवर्तित किया जाएगा और राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत 1469 किलोमीटर



सिंगल लेन मार्गों को डबल लाइन में परिवर्तित किया जाएगा। अगले 25 वर्षो में हल्द्वानी बाईपास, खटीमा बाईपास, काठगोदाम बाईपास, आशारोड़ी-आईएसबीटी-मो. हकमपुर, देहरादून देहरादून बाई पास, लोहाघाट बाईपास, पिथौरागढ़ बाईपास, अल्मोड़ा बाईपास, ऋषिकेश बाईपास, गैरसैंण बाईपास, कर्णप्रयाग बाईपास, गोपेश्वर बाईपास, अगस्तमुनि बाईपास, पौड़ी बाईपास, श्रीनगर बाईपास, आदि बद्री बाईपास, रामनगर बाईपास, कोटद्वार बाईपास, हरिद्वार बाईपास फेज-सस, लाल कुआं-हल्द्वानी-काठगोदाम बाईपास, पंतनगर बाईपासों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसके तहत मानसखण्ड मंदिर माला परियोजना के तहत चारधाम की तर्ज पर कुमाऊं के 16 प्राचीन मन्दिरों को जोड़ने वाली सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। सेतुओं के उन्नयन को एडीबी की सहायता से राज्य के 460 पुराने क्लास-बी लोडिंग पुलों को आधुनिक और भारी वाहनों के लिए उपयुक्त क्लास-ए में अपग्रेड किया जाएगा।

महाराज ने कहा कि राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में 10048 गांव मोटर मार्गों से लाभान्वित थे। जिनकी संख्या आज बढ़कर 14027 हो चुकी है। इतना ही नहीं पिछले 25 वर्षों में सरकार ने कुल 3979 ग्रामों को सड़क मार्ग से जोड़ कर विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। पैदल सेतुओं की संख्या आज बढ़कर 1303 हो गई है तो वहीं मोटर पुलों की संख्या बढ़कर 2270 हो चुकी है। राज्य गठन के समय प्रदेश में 526 राष्ट्रीय राजमार्ग थे जिनकी संख्या आज सात गुना बढ़कर 3595 हो चुकी है।

चारधामों गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ व कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग जिनकी कुल लम्बाई 889 किलोमीटर है में यातायात को सुगम बनाने के लिए ऑल वेदर रोड कनेक्टिविटी के तहत भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 12769 करोड़ की धनराशि परियोजना का शुभारम्भ 27 दिसम्बर 2016 को प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था उस पर लगातार काम हो रहा है।निकट भविष्य में देहरादून स्थित रिस्पना व बिंदाल नादियों के ऊपर 26 किमी एलीवेटड कोरीडोर की संकल्पना का भी लक्ष्य है। जिस पर भू-अधिग्रहण कार्यवाही चल रही है।

# उत्तराखंड राज्य रजत उत्सव की तैयारियां जोरों पर

**मुख्यमंत्री धामी ने एफआरआई में लिया तैयारियों का जायजा**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि हम राज्य स्थापना दिवस के रजत वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं। कहा कि हमारे राज्य को पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय अटल जी ने बनाया और आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी इसको संवार रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री जी हमारे राज्य के इस रजत उत्सव में प्रतिभाग करने आ रहे हैं और हमारे राज्य को हमेशा से उनका सानिध्य मिलता रहता है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने इन 25 वर्षों में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं और 2047 के विक. सित भारत निर्माण की दिशा में हमारा राज्य अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर है।


उन्होंने जिला प्रशासन देहरादून, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों को रजत उत्सव की तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, खजानदास, सहदेव पुंडीर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा शासनकाल नाकामियों का पुलिंदाः माहरा

**देहरादून।** कांग्रेस ने भाजपा के 15 साल की नाकामियों और कांग्रेस कार्यकाल की 10 साल की उपलब्धियों को गिनाया है। माहरा ने शुक्रवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि राज्य की रजत जयंती जैसे ऐतिहासिक मौके पर जहां सरकार को आत्ममंथन करना चाहिए था, वहीं सरकार केवल प्रचार में व्यस्त दिखाई दे रही है। माहरा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में भर्ती घोटाले, पेपर लीक और भ्रष्टाचार की घटनाओं ने युवाओं के भविष्य पर गहरा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पारदर्शिता के नाम पर सिर्फ खोखले दावे किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के 15 साल के शासन में जो भ्रष्टाचार और असमानता बढ़ी है, उसकी तुलना कांग्रेस के 10 सालों से नहीं की जा सकती। कांग्रेस ने ही राज्य निर्माण के बाद विकास की नींव रखी, जबकि भाजपा ने उस पर अनियमितताओं की इमारत खड़ी कर दी। हमें अपने शासन काल में 2 हजार से अधिक फैक्टरी लगाईं, लेकिन कांग्रेस सरकार ने बिना इन्वेस्टर मीट के ही लोगों को बड़े रोजगार दिए।कांग्रेस पार्टी कल यानी 8 तारीख को 10 साल बनाम 15 साल थीम पर आधारित एक प्रदर्शनी कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में लगाने जा रही है। कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शनी के जरिए उत्तराखंड के 25 सालों की यात्रा को दिखाने का प्रयास किया है।



# जब मुन्ना सिंह चौहान ने बनभूलपुरा से उतारा था उम्मीदवार

## बनभूलपुरा को 'नरक' बोलने वाले भाजपा विधायक भूल गए अतीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** ऐतिहासिक तथ्य है कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा को ब्रिटिश काल में बसाया गया था। इस इलाके में तब 'वनफूल' बहुतायत में हुआ करते थे इसीलिए 'वनफूलपुरा' समय के साथ आज का 'बनभूलपुरा' कहलाया। वक्त के साथ सरकारें बदलीं और आज इस इलाके को मानो जैसे एक विवादित स्थल ही मान लिया गया है। जबकि इस इलाके का इतिहास कुमाऊं और उत्तराखण्ड के इतिहास में दर्ज है। उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने जिस बेशर्मी के साथ हल्द्वानी के बनभूलपुरा को 'नरक' की संज्ञा दी है। मुन्ना सिंह चौहान भूल गए कि जब पृथक उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना हुई थी तो उनकी 'उत्तराखण्ड जनवादी पार्टी' ने उत्तराखण्ड के पहले विधानसभा चुनाव में हल्द्वानी के इसी बनभूलपुरा से अपना एक उम्मीदवार उतारा था। नाम था इरशाद हुसैन 'हप्पे'। यह बात सन् 2002 की है। समय के साथ मुन्ना सिंह चौहान ने अपनी सियासी ज़मीन बदली और आज भाजपा से विधायक हैं। विशेष विधानसभा सत्र में मुन्ना सिंह चौहान ने हल्द्वानी के इस बनभूलपुरा को नरक बोल दिया। हालांकि उनके ऐसा बोलने पर विस में काफी हंगामा भी हुआ और शहर विधायक सुमित हृदयेश समेत सभी विपक्षी दलों ने उन्हें घेर लिया लेकिन जिस ढिटाई के साथ अपनी बात पर मुन्ना सिंह चौहान अटल रहे उसने विवाद को जन्म दे दिया है और बनभूलपुरा को एक बार फिर से नई चर्चाओं में लाकर खड़ा कर दिया है। हल्द्वानी के पुराने लोग और उनके लिखित दस्तावेज़ इस बात के गवाह हैं कि आज जिस क्षेत्र को नेताओं द्वारा नरक बताया जा रहा है उसका इतिहास हल्द्वानी के आबाद होने के साथ जुड़ा है। हल्द्वानी के बनभूलपुरा के जागरूक लोग मुन्ना सिंह चौहान को उनके बयान के लिए खरी खोटी सुना रहे हैं। इसी बीच एक पोस्टर सामने आया है। मुन्ना सिंह चौहान की उत्तराखण्ड जनवादी पार्टी ने जब 2002 में बनभूलपुरा के रहने वाले इरशाद हुसैन को अपना उम्मीदवार बनाया था। मुन्ना सिंह चौहान के बयान को लेकर खासे हंगामे और नाराज़गी के बीच लोगों का कहना है कि यह आज की राजनीति की परिपाटी बन चुकी है कि फेमस होने के लिए समुदाय विशेष या फिर समुदाय विशेष जहां निवास करता है उसके बारे में कुछ बोल दिया जाए। मुन्ना सिंह चौहान ने भी इसी परिपाटी को अख्तियार कर लिया है।




### बाइक सवार पर मुकदमा

**काशीपुर।** दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पुत्री की तहरीर पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस लाईन, जूप (चम्पावत) निवासी हर्षिता बिष्ट ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 16 सितंबर को उसके पिता मोहन सिंह बिष्ट अपने मित्र चंदन सिंह के साथ बाइक संख्या यूके19-6313 पर सवार होकर बाजपुर से काशीपुर जा रहे थे, बाइक चन्दन सिंह चला रहे थे और मेरे पिता जी पीछे बैठे हुए थे। जैसे ही वह जैतपुर मोड के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही बाइक संख्या यूपी21 एएल-3728 के चालक ने उसके पिता की बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसके पिता और चंदन सिंह गंभीर घायल हो गए, उन्हें काशीपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## एक नजर

### बागेश्वर में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला

**बागेश्वर।** स्थानीय विकास भवन सभागार में पत्र सूचना कार्यालय देहरादून और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में पीएम गरीब कल्याण योजना, तंबाकू मुक्त युवा अभियान और सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर वार्तालाप की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे और मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवाड़ी उपस्थित रहे। कृषि विभाग के अधिकारियों ने पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत किसानों को मिलने वाले लाभ, जैसे कि बीज वितरण, पीएम किसान निधि, और आधुनिक कृषि उपकरणों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, पशुपालन विभाग ने श्वेत क्रांति के लिए डेरी और उत्तम नस्ल के पशुओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में नशा मुक्त युवा अभियान के तहत नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई और सरदार पटेल के योगदान पर चर्चा की गई।

### एचआईवी और एड्स पर जागरूक किया

**कालाढूंगी।** शुक्रवार को आदर्श प्राथमिक विद्यालय कालाढूंगी में उत्तराखंड एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आईसीडीएस विभाग के कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों ने एचआईवी और एड्स के जागरूकता, नियंत्रण और बचाव के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में एचआईवी के कारणों और इससे बचाव के तरीकों पर गहन विचार विमर्श किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि सुरक्षित यौन संबंध बनाए रखना, एक ही सुई का बार-बार उपयोग न करना, और अधिक लोगों के साथ सुई साझा न करना जैसे उपायों से इस बीमारी से बचा जा सकता है। इसके साथ ही समाज में जन जागरूकता फैलाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। कार्यशाला में डॉ. भास्कर सेन गुप्ता, एसटीएस योगेंद्र सिंह कार्की, एनएमए नवीन पपनै, क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक प्रेमलता और सीडीपीओ मैम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गवर्नमेंट पेंशनर्स की समस्याओं पर मंथन

**बागेश्वर।** गवर्नमेंट पेंशनर वैलफेयर ऑर्गनाइजेशन उत्तराखंड ने शुक्रवार को प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष बचे सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस रमेश चंद्र पाठक और विशिष्ट अतिथि कोषाधिकारी बागेश्वर रहे। कार्यशाला में पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के गोल्डन कार्ड योजना और अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने गोल्डन कार्ड योजना की विसंगतियों पर चिंता जताई और कहा कि पेंशनरों को सरकारी और निजी अस्पतालों में निशुल्क सुविधाएं मिलनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में उन्हें बिलों की प्रतिपूर्ति में विलंब हो रहा है। पेंशनरों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में सेवा केंद्रों की स्थापना की मांग की। बैठक में संरक्षक शेर सिंह धपोला, जिला अध्यक्ष प्रताप गढ़िया, बीसी जोशी, मोहन चंद्र उप्रेती, बाली राम चौहान और अन्य पेंशनर उपस्थित रहे।

### पुलिस ने राष्ट्रगीत का किया सामूहिक गायन

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में पुलिस कार्यालय में तैनात कार्मिकों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया गया। सीओ दूरसंचार राजीव कुमार टम्टा ने कहा कि देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करते हुए यह अमर गीत युगों-युगों तक हम सभी को देशहित के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। साथ ही सीओ रानीखेत विमल प्रसाद के नेतृत्व में कोतवाली रानीखेत में तथा जनपद के समस्त थानों व चौकियों में नियुक्त पुलिस बलों ने भी सामूहिक राष्ट्रगीत गाया।

### वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गायन

**काशीपुर।** स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना और समस्त भारतवासियों को एकता के सूत्र में पिरोने वाले बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर उदयराज हिंदू इंटर कालेज में प्रार्थना स्थल पर प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता समेत शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्रों ने वंदे मातरम् गीत का सामूहिक रूप से गायन कर देश को। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री गुप्ता ने कहा कि आज समूचा देश एक ध्वज के नीचे वंदे मातरम् गीत के साथ अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम, सम्मान और देश भक्ति की भावना को प्रकट कर रहा है। इस दौरान मेजर मुनीशकांत शर्मा, वरिष्ठ प्रवक्ता रोशन लाल वर्मा, महेश चंद्र आर्या, मनोज कुमार शर्मा, वीपी सिंह चौहान, पंकज अग्रवाल, दीपक शर्मा, कौशलेश गुप्ता, कपिल भारद्वाज, अनिल कुमार सिंह, पंकज तिवारी, मनोज विश्नोई, प्रमोद कुमार, नीलम सूंठा, मनीषा चौहान, एकता अग्रवाल समेत शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र मौजूद रहे।

### डॉ. आरपी रस्तोगी ने आंखें कीं दान

**काशीपुर।** प्रतिष्ठित डॉक्टर आरपी रस्तोगी का बृहस्पतिवार को देहावसान हो गया। उनके देहावसान के पश्चात उनकी पत्नी श्रीमति राजरानी रस्तोगी एवं सुपुत्र डॉ. प्रदीप राज रस्तोगी ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की। इसके बाद संबंधित औपचारिकता पूरी की गई। उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीनों के नेत्र प्रकाशित होंगे और उनके प्रिय जन उनकी स्मृति को अमरत्व प्रदान करेंगे। वसुधैव कुटुम्बकम् काशीपुर के तत्वाधान में क्षेत्र में 28वां नेत्रदान कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सर्वोदय संकल्प शिविर का आयोजन किया

**काशीपुर।** पंचायती राज संगठन (कांग्रेस पार्टी) के सर्वोदय संकल्प शिविर में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक व प्रदेश अध्यक्ष ललित फर्स्वाण पूर्व विधायक सहित वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महानगर जिला अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने कहा कि शिविर संगठन की मजबूती और एकजुटता की मिसाल रहा। कार्यक्रम में उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, पीसीसी सचिव जितेन्द्र सरस्वती, लवदीप सिंह, इकबाल, रवि पपनै, महेंद्र बेदी, उमेश जोशी, लता शर्मा, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, मंसूर अली मंसूरी, प्रदीप जोशी, गीता चौहान, हनीफ गुड्डू, अजीता शर्मा, कामिल रजा आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाल वैज्ञानिकों ने दिखाया हुनर

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** राजकीय इंटर कॉलेज कमलेश्वर में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा वैज्ञानिकों ने एक से बढ़कर एक मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई। बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपना हुनर दिखाया। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधानाचार्य खजान चंद्र कांडपाल ने दीप जलाकर किया। प्रधानाचार्य कांडपाल ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में अनुसंधान प्रवृत्ति तथा समस्या-समाधान की भावना विक. सित करते हैं। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, मानव स्वास्थ्य तथा तकनीकी नवाचार से संबंधित अपने नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। वहीं, जल संरक्षण विषय पर खुशी आर्या, हरित ऊर्जा में मनीष, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में शिवानी, संरक्षण व प्रदूषण निवारण में दीपक, गणितीय प्रतिरूपण में तुषार डंगवाल तथा प्रदूषण नियंत्रण में खुशी तथा सतत कृषि में विशाल बिष्ट तथा रौनक मेहरा प्रथम स्थान पर रहे। संगीता पंत, सवित जनौटी, प्रीतिका भटनागर, शर्मिला, मनोज कुमार पाठक के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न विज्ञान मॉडल, प्रोजेक्ट एवं प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। यहां गणेश जोशी, डॉ. हृदा बिष्ट, डॉ. चन्द्र प्रकाश बिष्ट, मोहन चंद्र भट्ट, प्रेमा कैड़ा, ललिता रौतेला, नरेंद्र सिंह बनकोटी, विशाखा रानी, चंद्र शेखर, मनोज जोशी, राम लाल, अंजना नेगी मौजूद रहे।

## स्थानीय उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर कपकोट के केदारेश्वर मैदान में भव्य ट्राउट महोत्सव और आकांक्षी विकास खंड कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आकांक्षा हाट, पारंपरिक परिधान प्रदर्शनी, स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मत्स्य विभाग ने आदि शक्ति माँ भगवती स्वायत्त सहकारिता महिला समूह को रुपये 22 लाख का चेक प्रदान किया। जिलाधिकारी और अन्य अतिथियों ने सरयू नदी में महाशीर मछली के 20 किलो बीज भी प्रवाहित किए। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि पिछले वर्षों में रुपये 12,000 करोड़ के कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिससे जनपद तेज़ी से विकास की ओर बढ़ रहा है। पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता में दया दानू ने पहला, अंजू राणा ने दूसरा और धना देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने जनसमूह को राष्ट्रीय एकता और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और सरदार पटेल जयंती पर पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, विधायक सुरेश गढ़िया, ब्लॉक प्रमुख भावना शाही, और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## 'वंदे मातरम' देश की आत्मा, एकता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलेभर में विविध सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलेभर में विशेष सभाएं आयोजित कर राष्ट्रगीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और इसके राष्ट्र जागरण में योगदान पर चर्चा की गई। शुक्रवार को एसएसबी के अल्मोड़ा स्थित क्षेत्रक मुख्यालय में वंदेमातरम दिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान उप महानिरीक्षक सुधांशु नौटियाल ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि एक पवित्र उपासना है, जो हमारी सेवा और समर्पण की सच्ची पहचान है और वन्दे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, एकता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। मौके पर सभी कार्मिकों ने एक स्वर में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कर राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा, गर्व और प्रेम को पुनः अभिव्यक्त किया। इसके बाद बैंड टीम के द्वारा वंदेमातरम् कि धुन प्रस्तुत की गई। इसके अलावा वर्चुअल माध्यम से बल के कार्मिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को दिखाया गया। यहां उप कमांडेंट वीरेंद्र सिंह चौधरी, उप कमांडेंट संचार रविनंद झा, उप कमांडेंट विपिन कुमार कटारा, सहायक कमांडेंट फूल सिंह मीणा, नवजित दास आदि मौजूद रहे। इधर, रानीखेत में महानिरीक्षक अमित कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप महानिरीक्षक परीक्षित बेहेरा द्वारा मौजूद कार्मिकों राष्ट्रगीत के इतिहास से परिचित कराया गया। मौके पर उप महानिरीक्षक ने कहा कि वन्दे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, एकता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। समारोह में उप महानिरीक्षक डीबी, उपमहानिरीक्षक चिकित्सा डा. ओबी सिंह, कमांडेंट देवासिस पाल, उप कमांडेंट अनिल कुमार जोशी, उप कमांडेंट अरविन्द कुमार, सहायक कमांडेंट राहुल राय मौजूद रहे।



## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** 81यूके बटालियन एनसीसी बागेश्वर के तत्वाधान में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गायन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में क्रेडिटो ने पोस्टर मेकिंग और समूह गायन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ट्रेनिंग जेसीओ भोपाल सिंह रावत ने बताया कि एनसीसी में रहकर क्रेडिट्स ना केवल देश के प्रति देश समर्पण, त्याग, एवं शौर्य की अनुभूति होती है। इसके अलावा यह हमें अनुशासन में रहना सिखाती है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि एनसीसी से कई क्रेडिट्स देश सेवा में गए है। जो देश की विभिन्न स्थानों आज भी सेवा दे रहे हैं। कई क्रेडिट्स ने सेवा में रहकर देश की सेवा करते करते अपने प्राणों तक का बलिदान कर दिया। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों से आए क्रेडिट्स ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग लिया। इस अवसर पर कैप्टन शंकर रौतेला (वीवीएमआईसी), लेफ्टिनेंट दीपा खाती (सीपीएस बागेश्वर), थर्ड ऑफिसर हेम चंद्र पांडेय (एनएमआईसी), प्रियंका भाकुनी (आनंदी एकेडमी, सीटीओ), प्रेमा गढ़िया (एसएसएमआईसी, सीटीओ) शिवानी थापा (एमवीएम, सीटीओ) साथ ही, पीटीबीडी कॉलेज के कैडेट्स तथा 81 यूके बटालियन के सूबेदार कुंवर सिंह और सूबेदार द्रौगपाल सिंह मौजूद रहे।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कालाढूंगी में गायन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 7 नवंबर, शुक्रवार को कालाढूंगी तहसील में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देशानुसार, सभी सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों के साथ-साथ विद्यालयों में भी वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। कालाढूंगी तहसील कार्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में वंदे मातरम् का गायन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज कालाढूंगी के शिक्षक और छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। इस अवसर पर लेखक बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की जीवनी पर तारा चंद्र घिल्डियाल ने प्रकाश डाला और बताया कि उनका योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में कितना महत्वपूर्ण था। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुनीता आर्या, मनोज कुमार जोशी, कविता विश्वकर्मा, अमरपाल चौहान, फैजान खान, ललित बुधानी, तारा चंद्र घिल्डियाल, जितेंद्र मिश्रा, कमलेश पंत, इमरान खान सहित राजस्व कर्मी भी उपस्थित रहे।



## सड़क हादसे में युवक की मौत परिवार में मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** गुरुवार को बाजपुर वार्ड नंबर 3 निवासी अंकित बाल्मीकि पुत्र दौलत राम अपनी बुआ के घर कालाढूंगी आया था। शुक्रवार को वह अपनी बाइक यू.के. 0181914 से वापस अपने घर बाजपुर जा रहा था। इस दौरान कालाढूंगी के गड़प्पू के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस और पुलिस को दी। 108 की मदद से घायल युवक को कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कालाढूंगी कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि युवक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही कालाढूंगी और बाजपुर के लोग अस्पताल में जुट गए। बताया जा रहा है कि अंकित बाल्मीकि बाजपुर नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। इस दुखद घटना से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।



## शुभम बधानी को मिला सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** देहरादून में उत्तराखंड स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में नैनीताल जिले के कोटाबाग क्षेत्र निवासी शुभम बधानी बतौर विशेष वक्ता सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्हें विश्व प्रसिद्ध घोड़ा लाइब्रेरी पहल के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न तकनीकी शिक्षा और नर्सिंग कालेजों के हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इससे पूर्व भी शुभम बधानी को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय लाइब्रेरी और नेशनल चेंज मेकर अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं। शुभम बधानी ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ लाइब्रेरी और पुस्तक संस्कृति की आवश्यकता पर विस्तृत विचार साझा किए। उन्होंने घोड़ा लाइब्रेरी के मुख्य उद्देश्य, वर्तमान चुनौतियों और पर्वतीय क्षेत्रों में इसकी भविष्य की संभावनाओं पर भी गहन चर्चा की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, राज्य मंत्री (उद्यमिता) विनोद उनियाल, राज्य मंत्री (आवास) श्याम अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुखविंदर कौर, सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी, उपनिदेशक कौशल विकास और सेवायोजन चंद्रकला, हल्द्वानी सेवायोजन आयुक्त प्रियंका गड़िया, और प्रदेश के विभिन्न तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के फैकल्टी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## राज्य के मौजूदा हालातों की आलोचना

### डा. गणेश उपाध्याय ने सरकार, नेताओं और नौकरशाही को ठहराया जिम्मेदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर प्रदेश की मौजूदा हालत पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय ने गंभीर आलोचना की। उन्होंने प्रदेश की सरकार, जनप्रतिनिधियों और नौकरशाही को राज्य की दुर्दशा का मुख्य जिम्मेदार ठहराया। डा. उपाध्याय ने कहा कि उत्तराखंड ने 25 वर्षों में आर्थिक दृष्टिकोण से कुछ वृद्धि की है, लेकिन समावेशी विकास, रोजगार, कृषि भूमि विकास और स्थायी मानव-विकास में कोई विशेष सफलता हासिल नहीं हुई है। उन्होंने कहा आंकड़े बताते हैं कि सरकार के विकास के दावे केवल कागज़ी हैं, जबकि वास्तविकता में अवैध खनन, भ्रष्टाचार, घोटाले, भूमि घोटाले, बंजर खेत और अवैध कालोनियां हैं। उन्होंने राज्य के बढ़ते कर्ज़ और लगातार बढ़ते सामाजिक मुद्दों की ओर भी इशारा किया। प्रदेश पर 1 लाख करोड़ का कर्ज़ चढ़ चुका है और बेरोज़गारी, पलायन, महिला अपराध, नशा, जनमानस की बेबसी और स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था की जर्जर स्थिति राज्य के लिए गंभीर चिंताओं का कारण बन चुकी हैं। उत्तराखंड के 4,800 से अधिक गाँव अब घोस्ट विलेज (निर्जन गांव) बन चुके हैं। डा. उपाध्याय ने प्रदेश में हो रहे घोटालों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने एनएच 74 घोटाला, भर्ती घोटाला, ढैंचा बीज घोटाला और कुंभ घोटाले का हवाला देते हुए कहा कि इन घोटालों की जांच केवल खानापूर्ति तक सीमित रही है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। डा. उपाध्याय ने कहा अस्पतालों में न तो दवाइयां हैं, न एम्बुलेंस। गर्भवती महिलाएं 15-20 किलोमीटर पैदल चलकर स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने पहाड़ी इलाकों में शिशु मृत्यु दर के उच्च स्तर को भी राष्ट्रीय औसत से अधिक बताया। प्रदेश में बेतरतीब निर्माण और नदियों पर अत्यधिक दबाव ने देवभूमि को आपदा भूमि बना दिया है। राज्य का जीएसडीपी अनुपात अब 26.5 प्रतिशत से अधिक हो चुका है, यानी राज्य जितना उत्पादन करता है, उसका एक चौथाई हिस्सा केवल कर्ज़ चुकाने में चला जाता है। उत्तराखंड का कर राजस्व जीएसडीपी का केवल 7 प्रतिशत है, जबकि हिमाचल प्रदेश और केरल जैसे छोटे राज्यों में यह आंकड़ा 10 प्रतिशत से अधिक है। इस तरह, उत्तराखंड मुख्य रूप से कर्ज़ पर निर्भर है। 2022 में भाजपा ने कर्ज़मुक्त उत्तराखंड बनाने का दावा किया था, लेकिन अब राज्य का ऋण रुपये 1 लाख करोड़ तक पहुँच चुका है, जो 2021 में रुपये 73,751 करोड़ था। डा. उपाध्याय ने भाजपा सरकार के डबल इंजन के दावे को भी खारिज करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने राज्य का ईंधन तेजी से खाया है। उत्तराखंड की 25वीं रजत जयंती पर डा. गणेश उपाध्याय ने यह भी कहा कि सरकार को विकास की गाथा नीतियों, निष्ठा और ईमानदारी से लिखनी चाहिए, न कि राजनीतिक उत्सवों में सिर्फ आभासी उपलब्धियों की शान बढ़ानी चाहिए।



### रक्क क्लाइमिंग प्रशिक्षण

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित सात दिवसीय रॉक क्लाइम्बिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ जिसमें 15 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बता दें शुक्रवार को जिला पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित एडवेंचर फाउंडेशन कोर्स रॉक क्लाइम्बिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरिता आर्या ने किया जिसमें रॉक क्लाइम्बिंग के मास्टर दीपक कुमार ने युवाओं और पर्यटकों को डीएसए मैदान के रॉक क्लाइम्बिंग वाल में प्रशिक्षण दिया जिसमें 15 प्रशिक्षुओं के साथ ही स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि साहसिक खेलों को पर्यटन के साथ जोड़कर युवाओं को रोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए आयोजन किया किया गया है। इस दौरान सहायक ट्रेनर संजीव, दीपक सिंह, दीपक मर्तोलिया, पीसी मनराल, सीएस बिष्ट, दीपक सिंह, कविता गंगोला तथा आशीष मौजूद रहे।

## जनसमस्याओं का त्वरित हो निस्तारणः डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने जनपद के सर्वांगीण विकास, सुशासन तथा जनसुनवाई को अपनी कार्य प्राथमिकताओं में सर्वोपरि बताया। जिलाधिकारी ने प्रेस प्रतिनिधियों के माध्यम से आए मुद्दों के प्रति सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रति तीन माह में न्यूनतम पांच प्रमुख समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। कहा कि मीडिया के माध्यम से आने वाली समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा तथा समस्याओं का समाधान कर लोगों को सरकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग तथा संसाधनों को बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा जनसमस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण उनकी प्रमुख प्रतिबद्धता रहेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, पर्यटन, खेल प्रतिभाओं को खोजना एवं आजीविका के क्षेत्रों में ठोस और परिणामपरक कदम उठाए जाएंगे, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर के लिए विख्यात है, ऐसे में पर्यटन क्षेत्र को सशक्त बनाकर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति भी जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता के प्रति जवाबदेह है और जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यहां सीडीओ रामजी शरण शर्मा, डीआईओ सत्यपाल सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।





# वंदे मातरम के 150 वर्ष: देशभक्ति के रंग में सराबोर हुआ जिला

- पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी रहे मुख्य अतिथि
- एमबी इंटर कॉलेज मैदान हल्द्वानी में हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत के गौरवशाली राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जनपदभर में देशभक्ति और उल्लास का माहौल रहा। जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर इस ऐतिहासिक अवसर को श्रद्धा और गर्व के साथ मनाया गया। जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों, विकास भवन भीमताल, जिला कार्यालय नैनीताल सहित अनेक सार्वजनिक स्थलों पर वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। मुख्य आयोजन एमबी इंटर कॉलेज मैदान हल्द्वानी में भव्य रूप से संपन्न हुआ, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कुमाऊँ रेजीमेंट रानीखेत से आए सेना के बैंड दल ने देशभक्ति धुनों से सभी को भावविभोर कर दिया, वहीं खटीमा के प्रसिद्ध गायक शेरी सिंगर ने वंदे मातरम और अन्य प्रेरणादायक गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के सम्मान, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का शाश्वत मंत्र है। आज़ादी के आंदोलन के दौरान इस गीत ने करोड़ों भारतीयों के भीतर अदम्य साहस और एकता की भावना का संचार किया। उन्होंने कहा कि यह अवसर हमें मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्य और समर्पण को पुन: स्मरण करने की प्रेरणा देता है। यह उल्लेखनीय है कि वंदे मातरम की रचना वर्ष 1875 में महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। यह उनकी प्रसिद्ध कृति 'आनंदमठ' का हिस्सा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत देशभक्तों के लिए प्रेरणा-स्रोत बना। वर्ष 1937 में कांग्रेस कार्यसमिति ने इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया, जबकि 1950 में संविधान सभा ने इसे आधिकारिक राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत, रेनू अधिकारी, तरूण बंसल, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, दीपक मेहरा, प्रकाश हर्बोला, अजय राजौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी और स्कूलों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पुलिस ने वंदे मातरम का सामूहिक गान किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा देशभर में राष्ट्रव्यापी समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को नैनीताल पुलिस ने वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया। इस आयोजन की अगुवाई एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने की, जिन्होंने पुलिस कर्मियों को इस गीत के ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व के बारे में बताया। शुक्रवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बहुद्देशीय भवन हल्द्वानी में पुलिस कार्यालय के स्टाफ के साथ मिलकर वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया और सभी पुलिस कर्मियों को गीत की विशेषता का स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय गीत भारत की शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक है और इसने देश की एकता और स्वाभिमान की भावना को जागृत किया। एसएसपी ने इसे भारत के स्वतंत्रता संग्राम और गणराज्य बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और पुलिस कर्मियों को समाज के आखिरी व्यक्ति की भलाई के लिए काम करने की प्रेरणा दी। इसके अतिरिक्त एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र ने पुलिस लाइन नैनीताल में भी सामूहिक गान का आयोजन किया। इस मौके पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र शर्मा, वाचक पूरन राम आगरी, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार बिष्ट के अलावा अधिकारी कर्मचारी थे।

## देशभक्ति के रंग में रंगा दुग्ध संघ परिसर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

लालकुआँ। देशभर में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जहाँ पूरा देश देशभक्ति के रंग में सराबोर है, वहीं नैनीताल आंचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, लालकुआँ ने भी इस ऐतिहासिक अवसर को हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया। संघ के प्रशासनिक भवन प्रांगण में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा, वित्त प्रभारी उमेश पठालनी, प्रशासन/विपणन प्रभारी संजय सिंह भाकुनी सहित संघ के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया। इस दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति, उत्साह और गर्व से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि वन्दे मातरम हमारे राष्ट्र की आत्मा और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यह गीत हमें देश की सेवा, एकता और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि 150वीं वर्षगांठ का यह अवसर हमें अपनी मातृभूमि के प्रति निष्ठा, प्रेम और सम्मान को पुन: जागृत करने का संदेश देता है। इस दौरान सुभाष बाबू, कमलेश कुमार, शांति को. रंगा, गीता ओझा, राजेंद्र प्रसाद दुम्का, दिनेश सिंह कुलेरा, धर्मेंद्र कांडपाल, विजय चौहान, विमल कुमार, रेखा बोरा, अंजू कांडपाल, रश्मि धामी, सुरेश चंद्र, दिनेश जोशी, बहादुर सिंह, राजू रैक्वाल, लालसिंह बिष्ट, कृष्णानंद, नंदकिशोर, सैफाली संभल आदि मौजूद रहे।

### पार्षदों को नहीं दिया आमंत्रण

**हल्द्वानी।** भारत के राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पार्षदों को लिखित सूचना न देने पर राजेन्द्र नगर वार्ड-12 की पार्षद प्रीति आर्या ने गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि सरकारी कार्यक्रम को एक पार्टी विशेष का कार्यक्रम बनाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रीति आर्या ने आरोप लगाया कि नगर निगम के पार्षदों को कार्यक्रम की सूचना न देकर चुने हुए जनप्रतिनिधियों का घोर अपमान किया गया है।

## पीएचसी दौलतपुर में तैनात की जाए महिला चिकित्सक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौलतपुर में महिला चिकित्सक की तैनाती, एक्स-रे मशीन और 108 एंबुलेंस सेवा की सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी मांगों को लेकर शुक्रवार को समाजसेवी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि नीरज रैक्वाल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरीश चंद्र पंत से ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौलतपुर में 108 एंबुलेंस, एक्स-रे मशीन सहित कई व महिला चिकित्सक की आवश्यकता है। उन्होंने कहा इस क्षेत्र में बहुत निर्धन गरीब लोग रहते है जिनके पास आने जाने का साधन तक नहीं है। उन्होंने कहा इस संबंध में जिलाधिकारी व प्रभारी मंत्री रेखा आर्य को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि निर्धन गरीब लोगों की समस्याओं को देखते हुए इस समस्या का समाधान किया जाए।



## एएनटीएफ के चार पुलिस कर्मियों को गोल्ड प्रशस्ति डिस्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एएनटीएफ कुमाऊँ यूनिट के अधिकारियों और कर्मचारियों को नशे के खिलाफ लगातार उत्कर्ष कार्यवाही करने के लिए उत्तराखंड पुलिस महानिदेश द्वारा विशेष सम्मानित किया गया है। यह सम्मान राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर दिया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने इन अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क गोल्ड से सम्मानित किया। यह पुरस्कार न केवल उनकी नशे के खिलाफ निरंतर कार्यवाही की सफलता का प्रतीक है, बल्कि उनके समर्पण और प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करता है। सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों में उप निरीक्षक विपिन चंद्र जोशी, उप निरीक्षक विनोद चंद्र जोशी, आरक्षी वीरेंद्र चौहान, आरक्षी इसरार अहमद शामिल रहे।

## मोबाइल पर सट्टा लगाते सटोरिया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कागज और कलम के बाद अब सट्टे का खेल मोबाइल पर भी बढ़ चुका है। टीपीनगर चौकी पुलिस ने एक ऐसे ही मामले का पर्दाफाश किया है, जिसमें आरा. पी मोबाइल पर सट्टा लगवा रहा था। पुलिस ने आरोपी को चाय की दुकान से गिरफ्तार किया, जहां वह बैठकर सट्टे की खाई-बाड़ी कर रहा था। जानकारी के अनुसार टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी पुलिस टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित वर्कशॉप लाइन से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी चाय की दुकान में बैठकर मोबाइल फोन के जरिए सट्टा खेल रहा था। पुलिस ने आरोपी से 3,500 रुपए और उसका मोबाइल फोन बरामद किया। आरोपी की पहचान अरुण सागर पुत्र स्व. वीर सिंह, निवासी गांधी नगर, बनभुलपुरा के रूप में हुई। पुलिस ने जब आरोपी के मोबाइल फोन की जांच की, तो उसमें विभिन्न व्हाट्सएप चैट्स मिलीं, जिससे यह साबित हुआ कि आरोपी ने अलग-अलग नंबरों पर सट्टे की खाई-बाड़ी की थी। आरोपी ने बताया कि वह पिछले कई सालों से सट्टे के धंधे में शामिल है और चार तरह के सट्टे लगवाता है, जिनमें दिसावर, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गली शामिल हैं।

## गौवंश के साथ कुकृत्य करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते दिनों मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत गौवंश के साथ कुकत्य करने के बाद फरार चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने किच्छा बाईपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। बता दें कि दो नवंबर को इस मामले में आरटीओ रोड निवासी गिरीश चंद पांडे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। क्षेत्रीय लोगों ने सीसीटीवी फुटेज को देखा, जिसमें एक युवक गौवंश के साथ अमानवीय कृत्य करते हुए नजर आया। यह घटना 31 अक्टूबर की थी, और वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आरोपी की तलाश तेज कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने फिर से सीसीटीवी फुटेज चेक किया और पाया कि आरोपी घटना के बाद दोबारा घटनास्थल पर आया, अपना सामान समेटा और फरार हो गया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की और उसे रुद्रपुर के किच्छा बाईपास स्थित शिवनगर के पास गंगानगर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई, जो स्वार रामपुर के सईदनगर अजीमनगर का निवासी है। बताया जा रहा कि आरोपी युवक 28 अक्टूबर को हल्द्वानी में मजदूरी करने आया था। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूल किया है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि जिले में पशुओं के प्रति क्रूरता, अमानवीय कृत्य या किसी भी प्रकार का घृणित अपराध सहन नहीं किया जाएगा, और पुलिस ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

## साइबर क्राइम: बनभूलपुरा से कंबोडिया तक फैला नेटवर्क

- हरियाणा की फरीदाबाद पुलिस ने की थी दो लोगों की गिरफ्तारी
- कंबोडिया में बैठे क्रिमिनल के इशारे पर पैडलर बनकर कर रहे थे काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी**। नैनीताल के बनभूलपुरा इलाके में अब साइबर क्राइम का नेटवर्क दुबई के बाद कंबोडिया तक फैल चुका है। हाल ही में हुई दो गिरफ्तारी से यह खुलासा हुआ है कि बनभूलपुरा के कुछ शातिर अपराधी कंबोडिया में बैठे साइबर क्रिमिनल्स के संपर्क में थे और उनके इशारे पर शहर में पैडलर की तरह काम कर रहे थे। फिलहाल, दोनों आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद पुलिस की गिरफ्त में हैं, और माना जा रहा है कि इस मामले में बनभूलपुरा से कुछ और गिरफ्ता. रियां हो सकती हैं। बता दें कि बीते अक्टूबर माह में फरीदाबाद पुलिस ने बनभूलपुरा के गली नंबर पांच, आजादनगर निवासी अयाज पुत्र मो. नासिर और लाइन नंबर तीन, आजादनगर निवासी मो. आरिश पुत्र मुशर्रत उर्फ पहलवान को गिरफ्तार किया था। इन दोनों के खिलाफ फरीदाबाद में साइबर क्राइम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार साइबर क्राइम का मास्टरमाइंड रॉलैक्स उर्फ प्रियांशु दुबई में बैठ कर वहां से अपना पूरा नेटवर्क चलाता है। पुलिस को भ्रमित करने के लिए प्रियांशु अपना आईपी एड्रेस बार-बार बदलता रहता है। इस साइबर ठगी का मामला करोड़ों रुपयों से जुड़ा है, लेकिन पुलिस यह पता लगा रही है कि ठगी की सटीक रकम कितनी है और कितने लोग इससे शिकार हुए हैं। बनभूलपुरा से गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों में से एक आरोपी रॉलैक्स से सीधा संपर्क में था, जबकि दूसरा वह व्यक्ति है, जिसका बैंक खाता धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किया गया था। पुलिस का मानना है कि बनभूलपुरा में कई लोग ऐसे हैं, जो अपने बैंक खातों का इस्तेमाल कर साइबर फ्रॉड से जुड़े करोड़ों रुपये के लेन-देन में शामिल हो सकते हैं।

### हर दिन लाखों का ट्रांजेक्शन कर रहे पैडलर

पुलिस के मुताबिक, साइबर क्रिमिनल्स से जुड़े पैडलर हर दिन लाखों रुपये के ट्रांजेक्शन कर रहे हैं। इनमें से कुछ लोग इस गैंग के कामकाज से अनजान होते हैं, जबकि कई लोग जानबूझकर इस धंधे से जुड़ते हैं और केवल कमिशन के लिए काम करते हैं। इन पैडलरों का मुख्य काम यह होता है कि वे इन सट्टेबाजों के बैंक खातों में आई रकम को दूसरे खातों में ट्रांसफर कर देते हैं, और इसके एवज में मोटा कमीशन लेते हैं।

### बड़े पैमाने में कार्रवाई की योजना

पुलिस ने इस मामले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की योजना बनाई है और भविष्य में ऐसे और गिरफ्तारियों की संभावना जताई जा रही है। साइबर क्राइम से जुड़े इस मामले की जांच लगातार जारी है और पुलिस इस नेटवर्क को जड़ से उखाड़ने के लिए पूरी तरह से सक्रिय है।

> उनकी टीम जल्द ही शहर में साइबर फ्रॉड के मामले की गहन जांच करेगी। वह मानते हैं कि बनभूलपुरा में बड़े पैमाने पर लोग साइबर क्राइम से जुड़े हो सकते हैं और जल्द ही इस पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल**

### आधा क्वाटर के साथ पकड़ा शराबी, दुकानदार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस क्वाटर लेकर दुकान में पैग लगा रहे युवक को पकड़ा। पुलिस ने शराब पीने वाले का चालान किया और शराब पिलाने वाले दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस के मुताबिक, मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने टीम के साथ चौकी के पीछे स्थित दूध डेयरी लाईन पर पहुंचे तो एक दुकान के अंदर बैठे व्यक्ति को शराब पीते देखा। उसने पीने के लिए दो पैग बना रखे थे। शराब पीने वाले आफताब पुत्र शमदाद निवासी लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा का पुलिस ने चालान किया, जबकि दुकानदार कमल श्रीवास्तव पुत्र रमेश चन्द्र निवासी हिमालया फार्म को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## घर का ताला तोड़कर सिलेंडर चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। काठगोदाम शीशमहल क्षेत्र में चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर से सिलेंडर चोरी कर लिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शीशमहल काठगोदाम निवासी रूबी देवी पत्नी राकेश ने काठगोदाम पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीती 4 नवंबर को वह घर में ताला लगाकर रोजाना की तरह सुबह 7 बजे अपनी ड्यूटी चली गई। रात करीब 11 बजे जब वह घर लौटी तो घर का ताला टूटा हुआ था। बताया जा रहा कि चोरो को जब घर में कुछ नहीं मिला तो वह दो सिलेंडर ही उठा कर ले गए। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश के लिए घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

- जन्मदिन के दिन युवक की हुई दर्दनाक मौत
- घटना को अंजाम देकर बोलेरो चालक फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीमताल से अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर हल्द्वानी आ रहा एक युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद बोलेरो वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची काठगोदाम पुलिस ने दोनो को युवकों को अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार रामगढ़ ब्लॉक के हरतोला, सतुपरी निवासी 25 वर्षीय पवन कुमार पुत्र महेन्द्र पाल सड़क किनारे बीएसएनएल की केबल बिछाने का काम करता है। बताया जा रहा कि बीते गुरूवार की रात पवन कुमार का जन्मदिन था और वह रात्रि के समय अपने 35 वर्षीय दोस्त मोहित कुमार के साथ भीमताल से हल्द्वानी लौट रहा था। बताया जा रहा कि जैसे ही दोनो एचएमटी कॉलोनी महर्षि स्कूल के समीप पहुंचे तभी तभी हल्द्वानी की तरफ से तेज गति से आ रहे एक बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। सड़क हादसे में दोनो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि घटना को अंजाम देने के बाद बोलेरो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची काठगोदाम पुलिस ने दोनो घायलों को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने पवन को मृत घोषित कर दिया जबकि मोहित गंभीर रूप से घायल है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद पवन का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस फरार वाहन और चालक की तलाश कर रही है, और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## एसएसपी ने किया पुलिस मैस का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कोतवाली परिसर स्थित पुलिस मैस (भोजनालय) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी ने पुलिस जवानों के साथ बैठकर भोजन किया और मैस की भोजन व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी डा. मंजूनाथ ने मैस में तैयार किए जा रहे भोजन के मेनू की जानकारी ली, उपयोग में लाई जा रही खाद्य साम. ग्रियों को परखा और भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने कहा कि जवानों को स्वादिष्ट, पौष्टिक और स्वच्छ भोजन मिलना बेहद आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ पुलिस बल ही समाज की सुरक्षा में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। डा. मंजूनाथ टीसी ने मैस प्रभारी को भोजन की गुणवत्ता को और बेहतर करने, विशेष मेनू तैयार करने और भोजनालय परिसर में सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस मैस की संरचना में सुधार व आधुनिक. ीकरण के प्रयास किए जाएंगे ताकि जवानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने पुलिस कर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली और बेहतर कार्य के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।



## हर्षोल्लास से मनाया गया हॉकी शताब्दी महोत्सव

- खेल मंत्री रेखा आर्या ने किया मैचों का शुभारंभ
- कहा- हॉकी देश की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर शुक्रवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी स्थित मानसखंड खेल परिसर गौलापार स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों के साथ खेल में हाथ आजमाया। उन्होंने वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के बालक/बालिका खिलाड़ियों के मध्य प्रदर्शनी मैच का शुभारंभ कर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खेल मंत्री रेखा आर्या कहा कि बताया हॉकी भारत की आत्मा और गौरव का प्रतीक है, और 7 नवंबर 1925 को भारतीय हॉकी महासंघ की स्थापना हुई थी। जिसके बाद भारतीय हॉकी टीम ने 1928 के ओलंपिक में भाग लेकर गोल्ड मेडल जीतकर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब पूरी दुनिया भारतीय हॉकी टीम से खेलने से डरती थी। यदि हमारे युवा खिलाड़ी उसी जुनून और लगन के साथ तैयारी करें तो हम फिर से वही स्वर्णिम युग वापस ला सकते हैं। खेल मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में हॉकी का कल्चर तेजी से विकसित हो रहा है और राज्य ने वंदना कटारिया जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी देश को दी हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे इस लक्ष्य के साथ तैयारी करें कि आगामी ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम में उत्तराखंड के खिलाड़ियों का मजबूत प्रतिनिधित्व हो। उत्तराखंड हॉकी एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र सिंह बाफिला ने बताया कि हॉकी के सौ वर्ष पूरे होने पर आज देशभर के अधिकांश जिलों में लगभग 7000 मैचों का आयोजन किया जा रहा है, जो खेल भावना और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इस मौके पर अवसर पर उत्तराखंड हॉकी एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र सिंह बाफिला, उत्तराखंड हॉकी एसोसिएशन उपाध्यक्ष किशोर सिंह बाफिला, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हरीश भाकुनी, उप निद. ेशक खेल रशिका सिद्दीकी, जिलाक्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, वीरेंद्र परिहार, सुनील कुमार, निलेश गुप्ता, त्रिलोक जीना, सुरेश पांडे, भरत कार्की, आरएस बिष्ट, पुष्कर सिंह रावत, श्याम मन्नू भट्ट सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

## काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी की शानदार जीत

- एम एस क्रिकेट अकादमी को दी करारी शिकस्त




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोल्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हल्द्वानी कोल्ट्स क्लब के मैदान में कराई जा रही अंडर-14 स्व. पूरन चन्द्र बल्यूटिया मेमोरियल बहुदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें मैच में काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी की टीम ने 415 रनों पर पारी घोषित कर दी। मेहुल गोस्वामी ने 111, विवेक गौरा ने 100, देव. राज ने 99 और यस अनेरिया ने 77 रनों का योगदान दिया। एमएस क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम अपनी पहली पारी में 99 रन ही बना सकी। काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी ने अपनी दूसरी पारी में मेहुल गोस्वामी के 246, विवेक गौरा के 116 ओट यस अनेरिया के 73 रनों की मदद से 509 बनाकर पारी घोषित कर दी। अपनी दूसरी पारी में 826 रनों का लक्ष्य पूरा करने उतरी एम एस क्रिकेट अकादमी की टीम 97 रनों पर आल आउट हो गयी। काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी ने मैच 728 रनों से जीतकर पुरे 2 अंक हासिल किए। काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी के गेंदबाज सार्थक और चित्रांश ने 3-3 और भावेश ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी मेहुल गोस्वामी के नाम रहा। मैच के अंपायर गौरव नेगी और सौम्य रहे जबकि स्कोरर की भूमिका रवि सिंह ने निभाई। इससे पूर्व मैच का उद्घाटन वरिष्ठ क्रिकेटर विजय आर्या ने दोनों ही टीमों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर नीरज बल्यूटिया, आनंद बिष्ट, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, सचिन बेलवाल, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, संजय चौधरी, विक्रम बोरा, धर्मेंद्र पाल, प्रशांत भंडारी, सोनू आर्या, प्रकाश भगत मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कुमाऊंनी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान हैः कोश्यारी

- तीन दिवसीय राष्ट्रीय कुमाऊंनी भाषा सम्मेलन का भव्य आगाज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कुमाऊं की समृद्ध भाषा, साहित्य और संस्कृति को संरक्षण और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कुमाऊँनी भाषा सम्मेलन का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सभागार में हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र और गोवा के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह ऐतिहासिक आयोजन उत्तराखण्ड भाषा संस्थान देहरादून, कुमाऊंनी पत्रिका 'पहरू', कुमाऊंनी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रचार समिति, तथा संस्कृति विभाग उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है।

उद्घाटन अवसर पर आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि कोश्यारी सहित अन्य अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सभागार कुमाऊंनी लोक. संगीत की मधुर ध्वनियों और पारंपरिक परिधानों से सजे प्रतिभागियों की उपस्थिति से लोकसंस्कृति की जीवंत छवि में डूबा दिखाई दिया। मुख्य अतिथि भगत सिंह कोश्यारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुमाऊंनी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान, इतिहास और संस्कारों की जीवित विरासत है। उन्होंने कहा, किसी भी समाज की आत्मा उसकी मातृभाषा में बसती है। जब भाषा जीवित रहती है तो संस्कृति स्वतः सुरक्षित रहती है। कुमाऊँनी भाषा हमारी पीढ़ियों की धरोहर है और इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाषा केवल बोलचाल का माध्यम नहीं, बल्कि एक ऐसी जीवनधारा है जो हमारी संवेदनाओं, परंपराओं और रचनात्मकता को जोड़ती है। उन्होंने युवाओं से आ" वान किया कि वे डिजिटल युग में कुमाऊंनी भाषा को सोशल मीडिया, सिनेमा और संगीत के माध्यम से लोकप्रिय बनाने में योगदान दें। उद्घाटन सत्र में विशेषज्ञों और भाषा प्रेमियों ने कुमाऊँनी भाषा की प्राचीनता, साहित्यिक परंपरा और सांस्कृतिक योगदान पर गहन विमर्श किया। वक्ताओं ने कहा कि यह भाषा लो. कगीतों, कथाओं, कहावतों और लोकसंस्कृति के रूप में आज भी जन-जन के जीवन का हिस्सा है। दस अवसर पर कुमाऊँनी लोक साहित्य, संगीत, लोक वाद्य, रंग. मंच, सिनेमा और सोशल मीडिया की भूमिका पर विस्तृत परिचर्चा हुई। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रओं और लोक कलाकारों ने कुमाऊँनी संस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें पारंपरिक नृत्य, झोड़ा-छपेली और लोकगीतों की गूंज से सभागार मंत्रमुग्ध हो उठा। सम्मेलन के मीडिया प्रभारी डॉ- के-सी- चंदौला ने बताया कि इस आयोजन के मुख्य प्रायोजक चंदौला होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज और वसुंधरा नर्सिंग कॉलेज हैं। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर जैसे औद्योगिक शहर में कुमाऊंनी भाषा पर आधारित इतना बड़ा आयोजन पहली बार हो रहा है, जिससे क्षेत्र में लोकभाषा के पुनर्जागरण का संदेश जाएगा। कार्यक्रम में संयोजक डा. बीएस बिष्ट, सह संयोजक डा. एलएम उप्रेती, हयात सिंह रावत, डा. किशोर चंदौला, भरत लाल शाह, लक्ष्मी चंद्र पंत, आनंद सिंह धामी, हेम पंत, महेश चंद्र जोशी, रमेश चंद्र जोशी, महेंद्र ठकुराठी सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद, लेखक, कलाकार और भाषा प्रेमी उपस्थित रहे।

## तहसीलों में राज्य आन्दोलकारियों का होगा सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राज्य के रजत जयंती उत्सव के अवसर पर 08 नवम्बर शनिवार को जनपद के सभी तहस. ीलों में राज्य आन्दोलकारियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। बैठक लेते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि राज्य आन्दोलनकारी सम्मान समारोह में राज्य अन्दोलनकारी शहीदों को श्रंद्धाजलि अर्पित की जायेगी तथा राज्य आन्दोलनकारियों को पुष्पमाला व अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया जायेगा व कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगें। उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों को व्यवस्थित रूप से कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिये। रूद्रपुर तहसील का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में 10.30 बजे से आयोजित होगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल उपस्थित थे व सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

**एक नजर**

## धूमधाम से निकाली गई बाबा खाटू श्याम की शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** चीनी मिल नादेही के मिल गेट पर खाटू श्याम बाबा वालों की एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें खाटू श्याम बाबा के दर्जनों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

रैली का आयोजन मुख्य रूप से बीना देवी वह सत्येंद्र सिंह ने किया मौके पर पहुंचे दर्जनों भक्तों ने बाबा की आरती व पूजा अर्चना की उसके पश्चात शोभायात्रा मिल गैट से शुरू होकर पूरनपुर में रैली का समापन हुआ बाबा के भक्तों ने बीच में रैली में चलने वाले लोगों का स्वागत किया रेली में जसपुर क्षेत्र के और समी वर्ती राज्य उत्तर प्रदेश के दर्जनों लोगों ने भाग लिया।

## बंगाली समाज ने फूंका विधायक मुन्ना चौहान का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधान सभा सत्र के दौरान देहरादून के विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा राज्य में बाहरी लोगों के बसने को लेकर दिए गए बयान से रोषित होकर आज यहां बंगाली समाज के सैकड़ों लोगों ने विधायक मुन्ना सिंह चौहान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए ट्रांजिट कैम्प गोविन्द मंदिर के समक्ष उनके पुतले को आग के हवाले किया।

बंगाली समाज के वरिष्ठ नेता परिमल राय ने कहा कि विधायक मुन्ना चौहान इससे पूर्व भी राज्य में बाहरी लोगों के आकर बसने को लेकर बयानबाजी कर चुके हैं। जो उनकी घटिया सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यदि वास्तव में देखा जाये तो राज्य के चहुंमुखी विकास में दशकों पूर्व विस्थापित होकर यहां बसे लोगों व उनकी वर्तमान पीड़ियों का अहम योगदान रहा है। विधायक चौहान कह रहे है कि आज बाहरी बसे लोग जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य मांगे कर रहे हैं। परिमल ने कहा यह सही भी है। क्योंकि हर राज्य वासी को अपनी न्यायोचित मांग रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि विधायक मुन्ना को अपनी वर्षों पुरानी छोटी सोच से ऊपर उठकर हर राज्यवासी का सम्मान करना सीखना चाहिए। पुतला फूंकने वालों में पार्षद सुशील मंडल, शुभम दास, मंजीत कर्मकार, वासुदेव मंडल, अजय दास, अंकित दास, शुभम मंडल, सुमित मंडल, विश्वजीत सरकार, मनोज राय, कमल, अमल राय, केरू मंडल, शुभम मंडल, पिंटू राय, सुमित राय, गौतम सिकदार, वासुदेव राय, संजीत सरकार, बाबू सरदार, गौतम बाछाड़, मंगल मंडल, देवव्रत मल्लिक, शंभू साहा, मोती बाला, शुभंकर राय सहित भारी संख्या में बंगाली समाज के लोग शामिल थे।

## कोतवाल ने आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को पुलिस कर्मियों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाल नरेश चौहान ने कोतवाली में समस्त चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ-साथ थाने और चौकी में आने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कोतवाल नरेश चौहान ने समस्त पुलिस कर्मचारियों को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कोतवाली और पुलिस चौकी में आने वाले पीड़ित लोगों की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कोतवाल नरेश चौहान ने रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ-साथ क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने के भी निर्देश दिए।

,कोतवाल चौहान ने बताया यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ-साथ अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कर्मचारियों के साथ बैठक की गई है। समस्त पुलिस कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा यदि कोई भी पुलिस कर्मचारी लापरवाही बरसता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एसएसआई जसविंदर सिंह, एसआई कैलाश चंद नगरकोटी, प्रहलाद सिंह, धीरेंद्र परिहार, प्रियंका टम्टा, सुनील कुमार, दीपक कौशिक, संदीप शर्मा, बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज अशोक कांडपाल, जगदीश चंद्र तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## टाइप-1 मधुमेह क्लीनिक का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उधम सिंह नगर जिले के सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में एक बड़ा कदम है। जिला अस्पताल, रुद्रपुर में आधिकारिक तौर पर समर्पित टाइप-1 मधुमेह (T1D) क्लिनिक का शुभारंभ हुआ। यह विशेष सुविधा इस पुरानी बीमारी से जूझ रहे बच्चों और युवा वयस्कों के लिए व्यापक, गुणवत्तापूर्ण देखभाल और सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल और जिला अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधीक्षक डा. सिन्हा द्वारा उक्त के संबंध में अपने व्यतव्य प्रकट किए।

सीएमओ डा. केके अग्रवाल ने कहा हम मानते हैं कि टाइप 1 मधुमेह के लिए जीवन भर, विशेष प्रबंधन की आवश्यकता होती है, जिसमें नियमित इंसुलिन और निरंतर निगरानी शामिल है।

ऐतिहासिक रूप से, हमारे जिले में कई परिवारों के लिए इस विशिष्ट देखभाल तक पहुंचना एक चुनौती रही है, जिसके लिए अक्सर बड़े शहरों में महंगा और समय लेने वाला सफर करना पड़ता था। इस नए क्लिनिक का उद्घाटन सीधे तौर पर इस महत्वपूर्ण अंतर को भरता है। हमारा प्राथमिक लक्ष्य विशेषज्ञ देखभाल का विकेंद्रीकरण करना और यह सुनिश्चित करना है कि उधम सिंह नगर में टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित हर बच्चे और युवा वयस्क को सर्वोत्तम संभव उपचार यहीं, उनके जिला अस्पताल में मिले।

## थ्री पैरा स्पेशल फोर्स ने उत्साहपूर्वक मनाया शेलाटांग विजय दिवस

- वॉर मेमोरियल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि
- वीर शहीदों के त्याग, बलिदान, अदम्य साहस, योगदान और अनुपम शौर्य को किया गया नमन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** थ्री बटालियन पैराशूट रेजीमेंट स्पेशल फोर्स के पूर्व सैनिकों ने दूसरी बार खटीमा के एक निजी होटल में कमेटी के अध्यक्ष सूबेदार मेजर आध्नरेरी कैप्टन हिम्मत नाथ सिंह की अध्यक्षता में शेलाटांग युद्ध विजय दिवस को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने शेलाटांग विजय युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के वार मेमो. रियल पर पुष्प चक्र अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। वहीं पूर्व सैनिकों ने शहीद जांबाज सैनिकों के अदम्य साहस, अनुपम शौर्य, सर्वोच्च बलिदान, और त्याग को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं तथा वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा उनका हौसला अफजाई किया गया।

कार्यक्रम में शहीद सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के परिजनों ने भी उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। विजय दिवस के अवसर पर खटीमा के साथ ही चंपावत, बनबसा, टनकपुर, नानकमत्ता, हल्द्वानी तथा सितारग. ंज आदि क्षेत्रों से आए तमाम पूर्व सैनिकों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। आपको बता दें कि पलटन ने 7 नवंबर 1947 को पाकिस्तानी आक्रमणकारियों का सामना करते हुए अपने वीरता और रण कौशल से दुश्मनों को लगभग 500 लाशें छोड़कर भागने के लिए मजबूर कर दिया था और दुश्मन के दुस्साहस को तोड़कर बटालियन में विजय का एक स्वर्णिम इतिहास लिख दिया। शेलाटांग की यह विजय भारतीय सेना के इतिहास में यूनिट के नाम अमर हो गई।

इस मौके पर कई पूर्व सैनिकों ने थ्री पैरा स्पेशल फोर्स के इतिहास पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। वहीं शेलाटांग युद्ध विजय दिवस कमेटी के अध्यक्ष सूबेदार मेजर आध्नरेरी कैप्टन हिम्मत नाथ ने शहीद सैनिकों को नमन तथा उपस्थित पूर्व सैनिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीदों के सर्वोच्च बलिदान, अदम्य साहस, शौर्य और स्वर्णिम इतिहास से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 7 नवंबर को थ्री पैरा स्पेशल फोर्स के पूर्व सैनिकों द्वारा शेलाटांग विजय दिवस को धूमधाम से मनाया जाता है तथा उनको नमन किया जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन पुष्कर दत्त कापड़ी ने किया। इस अवसर पर कैप्टन होशियार सिंह, कैप्टन पूर्णानंद जोशी, सूबेदार चंदर सिंह, सूबेदार खुशाल सिंह, सूबेदार बद्री विशाल, प्रताप सिंह, दीपक चंद्रा तथा हवलदार प्रेम चंद सहित अनेकों पूर्व सैनिक और उनके परिजन उपस्थित रहे।

## निकाला गया भव्य नगर कीर्तन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज द्वारा गुरु नानक देव के जन्मदिवस (गुरु पर्व) के उपलक्ष्य में रुद्रपुर नगर में आज दिनांक 4/11/2025 को एक भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। यह कीर्तन श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल से आरंभ होकर गुरुद्वारा गोल मार्केट तक निकाला गया।

नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस शोभायात्रा में श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज प्रीत विहार, रुद्रपुर की आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। नगर कीर्तन में श्री गुरु नानक शिक्षा समिति के सदस्यगण, श्री गुरु नानक डिग्री कालेज प्रबंधकीय समिति के सदस्यगण, प्राचार्या डा. अमिता भटनागर, समस्त प्राध्यापकगण, कार्यालय कर्मचारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर गुरु नानक देव जी के उपदेशों सत्य, करुणा और सेवा का संदेश दिया। नगर कीर्तन में सुसज्जित पंज प्यारे, कीर्तन जत्थे, नगाड़े और ढोल की मधुर ध्वनियों नगर की गलियों में गूंज उठीं। मार्ग में श्रध्दालुओं द्वारा जगह-जगह लंगर और जलपान की व्यवस्था की गई। यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव रहा, बल्कि समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश भी लेकर आया।

कार्यक्रम के अंत में श्री गुरु नानक समिति रुद्रपुर द्वारा संस्थान की प्राचार्या डा. अमिता भटनागर एवं राष्ट्रीय जु-जित्सु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता बीए के छात्र क्षितिज सिंह को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक स.प्रा.संजय कुमार एवं प्रकाश अधिकारी रहे। इस कार्यक्रम में स. प्रा. गौरव मिश्रा, आनंद राम, प्रिया गुप्ता, अशमीत कौर सेठी, संदीप त्रिपाठी, डा. रुपाली सक्सेना, डा. नाजिया बानो, डा. नवनीत कौर, डा. फरजीन, डा. मीनाक्षी, शीतल, तरुण कुमार, प्रियंका, सुरभी गौड़, उमेश राणा, अदिति, सर्वजीत कौर, भावना, राधेश्याम, दुर्गेश कुमार, परमानन्द, गंगा, कमला आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## इनर व्हील क्लब ऑफ रामनगर ने मनाया तुलसी विवाह

**रामनगर।** इनर व्हील क्लब ऑफ रामनगर की इनर व्हील की सखियों ने मिलकर तुलसी विवाह मनाया।ग्राम छोई स्थित हनुमान मन्दिर में धूमधाम से तुलसी विवाह का आयोजन किया गया।



क्लब की सदस्यों ने दीपदान किया तुलसी व भाालिग्राम का विवाह जयमाला के बाद फेरी लगा कर संक्रीतन हुआ। मंदिर समिति में भक्तिमय महौल के साथ आस्था पर विशवास का रूप दिखा। सभी महिलाओं ने श्रगार का सामान, चुन्नी एंव दीपदान किया और आरती भी हुई। हनुमान गढ़ी के हनुमान मन्दिर में इनर व्हील की सदस्यों ने मिलकर एक्वा गार्ड भी लगवाया। मन्दिर समिति ने बताया की मन्दिर में होने वाले कार्यक्रम जैसे कथा व पुराण में यह बहुत उपयोगी रहेगा, साथ ही क्लब का आभार प्रकट किया।तुलसी विवाह बड़ी रौनक और भगवान के भजन से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव अंजलि जिन्दल, एडिटर सुमिति मेहरोत्रा आदि मौजूद रही।

## एसएसबी ने उत्साह पूर्वक मनाई 'वंदे मातरम' की 150 वीं जयंती

**खटीमा।** भारत नेपाल सीमा स्थित सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकियों में देशप्रेम और देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150 वीं जयंती को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल सितारग. ंज के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देशन में भारत नेपाल सीमा स्थित सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकियों मेलाघाट, नारायण नगर एवं सिंबल घाट के कार्यक्षेत्र में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150 वीं जयंती को बड़े उत्साह, जोश और देश भक्ति की भावना के साथ मनाया गया। आपको बता दें कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को सबसे पहले 7 नवंबर 1875 को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा उपन्यास आनंद मठ के लिए लिखा गया था। जिसको पहली बार 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कोलकाता के अधिवेशन में रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा गाया गया था। यह राष्ट्रीय गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीयों में एकता, साहस और आजादी की उमंग जगाने वाला प्रमुख गीत था। ब्रिटिश शासन के विरुद्ध इसकी बढ़ती लोक. प्रियता के कारण अंग्रेज सरकार ने इसे प्रतिबंधित कर दिया था। वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इस गीत को भारतीय गणराज्य द्वारा राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्रदान किया गया। इसी ऐतिहा. सिक दिवस के अवसर पर सीमा चौकियों में एसएसबी के जवानों, सीमावर्ती ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के साथ पूरे सम्मान, उत्साह और ऊर्जा के साथ राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया। इसके साथ ही देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। वहीं कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को भी नमन किया गया। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट हरिमोहन मीणा, सहायक कमांडेंट जशोबंता सेनापति, निरीक्षक मोहर सिंह सहित सभी एसएसबी के जवान, सीमावर्ती ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर निगम रूड़की जनपद-हरिद्वार (उत्तराखण्ड)**

दूरभाष नम्बर : 01332-272666 ई-मेल आई0डी0 nagarnigamroorkee@gmail.com

पत्रांक : 114 /पथ0 प्र0/अनु0/ई0-निविदा/न0नि0रू0/2025-26 दिनांक : 07/11/2025

**Press Note**

**Tender Notice**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूड़की पथ प्रकाश अनुभाग द्वारा पथ प्रकाश व्यस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु एंव मा0 पार्षद वार्ड न0-37 द्वारा किये गये आवेदन के क्रम मे उक्त वार्ड हेतु जेम माध्यम से क्रय किये गये 20 अदद सिगल आर्म पोल के स्थापन किये जाने विषयक निविदा आमन्त्रित की जाती है। जिस हेतु नगर निगम रूड़की द्वारा सील बंद निविदायें दिनांक 22-11-2025 को दोपहर 04:00 बजे निविदा समिति व ठेकेद्वारा के समक्ष खोले जायेगें। नगर निगम रूड़की मे पंजीकृत ठेकेद्वारा 22-11-2025 की साय 01:00 बजे तक सील बंद निविदाये कार्यालय पथ प्रकाश अनुभाग मे जमा करा सकते है। निविदा प्रपत्र हेतु निविदा शुल्क 590.00 कैस काउटर नगर निगम रूड़की मे जमा कराना अनिवार्य होगा व निविदा के सापेक्ष 14,915.00 निविदा प्रतिभूति राशी नगर आयुक्त महोदय नगर निगम रूड़की के नाम बंधक कराते हुये निविदा प्रपत्र कार्यालय पथ प्रकाश अनुभाग नगर से विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 21-11-2025 दोपहर 1:00 बजे तक प्राप्त कर सकतें है।

नोटः-

1- अवकाश होने की स्थिति मे निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जायेगी।
2- निविदा के सापेक्ष किसी भी प्रकार की जानकारी नगर निगम रूड़की पथ प्रकाश अनुभाग से प्राप्त कर सकते है।
3- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।

सहायक नगर आयुक्त,
नगर निगम, रूड़की।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल)**

पत्रांक 3803/05-कर अनु0/2025-26 दिनांक-07-11-2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद रागनगर सीमान्तर्गत ठेका पशु पंजीकरण एवं पंजीकृत तहबाजारी हेतु www.uktenders.gov.in के माध्यम से ई0 निविदा आमंत्रित की जाती है। ई0 निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र0सं0 | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of online publication | 08-11 2025 | 5.00 PM |
| 2 | Document download start date | 08-11-2025 | 5.00 PM |
| 3 | Bid submisson start date | 08-11-2025 | 5.00 PM |
| 4 | Bid submisson End date | 22-11-2025 | 05.00 PM |
| 5 | Offline submission of hard/original of documents End Date | 22-11-2025 | 05.00 PM |
| 6 | Bid opening date | 23-11-2025 | 11.00 AM |

उपरोक्त ठेकों की शर्तो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी नगरपालिका परिषद की वेबसाइट www.nagarpalikaramnagar.in पर या नगरपालिका कार्यालय में किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी,** नगरपालिका परिषद, रामनगर।

**अध्यक्ष,** नगरपालिका परिषद, रामनगर।

## 150 वी जयंती पर जीआरपी में गाया गया वंदे मातरम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** देश भक्ति गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देश भर में वंदे मातरम् गीत कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। वंदे मातरम् गीत जो 07 नवम्बर सन् 1875 में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचना की गई। शुक्रवार को 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वंदे मातरम् गीत के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज रामनगर जीआरपी चौकी इंचार्ज गीता गोला के नेतृत्व में सुबह 10 बजे रेलवे स्टेशन रामनगर प्रांगण में संगीत के साथ वंदे मातरम् गीत की सुन्दर प्रस्तुति की गई। इस दौरान चौकी इंचार्ज एसआई गीता गोला, दरोगा सत्यवीर सिंह, कांस्टेबल यासीन अंसारी, कांस्टेबल महावीर सिंह, कांस्टेबल मंसूर अली,आरपीएफ कांस्टेबल पूरन चंद्र, कमलेश आदि मौजूद रहे।



# 15 नवम्बर को मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

**■ कार्यक्रम को लेकर डीएम ने बनाई रूपरेखा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनजातीय गौरव दिवस को लेकर डीएम भटगांई ने रूपरेखा तय की। जनजातीय अस्मिता का महोत्सव 15 नवम्बर को ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा।

जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जनजातीय गौरव दिवस (15 नवम्बर 2025) के भव्य आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस हमारे आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति एवं योगदान को नमन करने का अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप में मनाया जाए ताकि जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर को व्यापक पहचान मिले।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रस्तावित टू-वे कनेक्टिविटी के दृष्टिगत जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों के विद्यालयों एवं आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं आधार पंजीकरण शिविर भी आश्रम पद्धति विद्यालयों में लगाए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को अधिकतम लाभ मिल सके। जौलजीवी मेला स्थल पर पीएम जनमन योजना के अंतर्गत लाभान्वित राजी समुदाय के व्यक्तियों का प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री के साथ संवाद (इंटरैक्शन) कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आश्रम पद्धति विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिनमें स्थानीय लोक संस्कृति, नृत्य एवं जनजातीय परंपराओं की झलक प्रस्तुत की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रभार दिलीप कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी हरीश आर्या, यूपीसीएल अधिशासी अभियंता नितिन गर्ब्याल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'वन्दे मातरम' की 150वीं जयंती पर राष्ट्रभावना के साथ गूंजा पिथौरागढ़

**■ मंत्री रेखा आर्या एवं जिलाधिकारी ने किया सामूहिक गायन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** वन्दे मातरम् की 150वीं जयंती के अवसर पर आज शुक्रवार प्रातः 09:55 बजे जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में "वन्दे मातरम्" गीत का सामूहिक गायन किया गया। इस दौरान कलक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने एक स्वर में राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सहभागिता की। सामूहिक गायन के उपरांत जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रेरणादायक संदेश सुना।

इसके उपरांत दोपहर 12:30 बजे जिलाधिकारी भटगांई ने जनपद पिथौरागढ़ के एक दिवसीय भ्रमण



पर पहुंची प्रदेश की मंत्री, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास रेखा आर्या का रामलीला मैदान में पुष्पगुच्छ और एक पौंधा भेंट कर स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री आर्या ने दीप प्रज्वलित कर रजत जयंती समारोह को आगे बढ़ाया तथा वहां उपस्थित जनसमूह के साथ राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" का सामूहिक गायन किया। उन्होंने कहा कि भारत के सुप्रसिद्ध राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने का यह अवसर राष्ट्रीय एकता और गर्व का प्रतीक है। रजत जयंती समारोह में रेखा आर्य ने राज्य आंदोलन में शहीद राज्य के बहादुर नायकों को याद किया और राज्य हेतु संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड निरंतर विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की परिकल्पना को साकार करने में उत्तराखंड की भूमिका की सराहना की और कहा कि रजत जयंती वर्ष उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर, आध्यात्मिक विरासत और समग्र विकास का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि आने वाले 25 वर्षों में उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लें।

रजत जयंती उत्सव के अंतर्गत पूरे जनपद सहित पूरे प्रदेश में खेल, संस्कृति और जनकल्याण से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, दर्जा राज्यमंत्री गणेश भंडारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, नगर निगम की मेयर कल्पना देवलाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के प्रमुख कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह से मिलकर मुख्यमंत्री की घोषणाओं के उपरांत प्रमुख कार्यों को पूर्ण करने के लिए वार्ता कर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

मीडिया से बात करते हुए जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने बताया कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री धामी जसपुर विधानसभा वासियों को लंबे समय से लंबित पड़ी जनता की मुख्य मांग को शीघ्र पूर्ण करने वाले हैं। साथ ही बताया कि हमारी सरकार एवं हमारे संगठन का प्रयास है कि इस बार जसपुर के लिए कुछ विशेष हो जिसके लिए हम अपने बीच में अपने प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को शीघ्र बुलाने वाले हैं। वह शुभ दिन जसपुर के लिए एक विशेष दिन होगा। क्षेत्र वासियों द्वारा समय-समय पर जिन समस्याओं को बताया जा रहा है तो हमारी सरकार के मूल मंत्र समस्या समाधान एवं सरलीकरण पर चलते हुए निश्चित ही हमारे मुख्यमंत्री इस दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। आगे भी हमारा प्रयास रहेगा कि जसपुर क्षेत्र विकास की एक मिसाल बनकर उभरे।

# 'वंदेमातरम' गीत के 150 वीं वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी की अध्यक्षता में 'वंदेमातरम्' गीत के 150 वि वर्षगांठ की जिला कार्यालय में मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या रहीं। दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। साथ ही सभी ने वंदेमातरम् गीत का गायन किया गया।

जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभी नंदन किया साथ स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या द्वारा वंदेमातरम् गीत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि रेखा आर्या ने प्रेस वार्ता के माध्यम से कहा कि राज्य सरकार विगत 25 वर्षों में राज्य के विकास में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, दर्जा मंत्री गणेश भंडारी, नारायण राम आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, महापौर कल्पना देवलाल, प्रदेश मंत्री दीपीका बोहरा, कोमल मेहता, इन्द्र लुठी, दिवाकर जोशी आदि थे।

# ओवरलोड टैंपो पलटा, पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के पीरुमदारा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, काशीपुर से रामनगर की ओर आ रहा एक ओवरलोड सवारी टैंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में कई लोग घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शुक्रवार सुबह सवारी भरकर एक टेंपो काशीपुर से रामनगर की ओर निकला था। टैंपो में करीब 10 से 12 यात्री सवार थे, जबकि इस तरह के टैंपो में इतनी सवारियों की अनुमति नहीं होती। स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन तेज रफ्तार में था और पीरुमदारा क्षेत्र में टेंपो के सामने कुत्ता आ गया।टेंपो नियंत्रण खो बैठा और पलट गया।घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को तत्काल पास के अस्पताल पहुंचाया।जिसमें ग्राम सुंदरखाल निवासी सूरज,लखनपुर निवासी मुद्रित, मुरादाबाद निवासीगण चंद्रपाल, जतिन और छोटे घायल हो गए।घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती कर लिया गया है।कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# रामनगर महाविद्यालय में रोवर रेंजर प्रादेशिक समागम का उद्घाटन


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में उत्तराखण्ड भारत स्काउट एवं गाइड्स देहरादून द्वारा 15वीं प्रादेशिक रोवर रेंजर समागम का उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव उत्तराखंड शासन आर. के. सुधांशु,विशिष्ट अतिथि प्रोफे. वी.एन. खाली निदेशक उच्च शिक्षा,उत्तराखण्ड, हल्द्वानी और कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला,कार्यक्रम अध्यक्ष रवीन्द्र मोहन काला सचिव उत्तराखंड भा. स्काउट गाइड,देहरादून एवं संयोजक प्राचार्य प्रो. एम.सी. पाण्डे ने संयुक्त रूप से किया।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि रोवर रेंजर्स नि:स्वार्थ भाव से काम करने वाले वो युवा होते हैं,जो भविष्य में देश के विकास में तन मन धन से महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं।विशिष्ट अतिथि प्रो. वीएन खाली द्वारा कहा गया कि रोवर रेंजर का प्रशिक्षण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभायेगा ।प्राचार्य प्रो. एम. सी. पाण्डे ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए समागम को महाविद्यालय के लिए गौरवास्पद बताया। कार्यक्रम में रवीन्द्र मोहन काला, जीतपाल सिंह कठैत, महेंद्र सिंह सैनी, प्रो. एस एस मौर्य, डॉ लवकुश,डॉ मूलचन्द्र शुक्ल,डा. योगेश चन्द्र, डॉ. सुरेश चन्द्रा,डॉ अलका डॉ दीपक खाती,ब्लॉक सचिव तेजपाल गंगवार,भवान सिंह बंगारी,कमलेश सती, चन्द्र लाल, कल्पना धामी, शान्ती रतूड़ी, सीमा सेन, अनुराधा पाण्डे आदि मौजूद रहे।बता दें कि इस समागम में उत्तराखंड राज्य के 250 से अधिक रोवर रेंजर प्रतिभाग कर रहे हैं।

# जसपुर में राज्य स्थापना के रजत जयंती सप्ताह में पेंशनरों के किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** जसपुर के सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में राज्य स्थापना के रजत जयंती सप्ताह में पेंशनरो को एक शिविर के माध्यम से जागरूक किया और पेंशन धारको का निशुल्क स्वास्थ परिक्षण किया गया। सीएचसी प्रांगण में चिकित्साधिकारी डॉ. धीरेन्द्र मोहन गहलौत ने उपकोषाधिकारी जगदीश कोली एवं पेंशन धारको का स्वगत किया तथा वरिष्ठ पेंशनरों का निशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण किया। वही शिविर में उपकोषाधिकारी जगदीश कोली ने पेंशन धारको को जागरूक करते हुए डिजिटल लाईफ सार्टिफिकेट, पेंशनरर्स को आयकर की जानकारी, डिजिटल फ्राड, राज्य स्वास्थय स्कीम एसजीएचएस एवं अन्य मुदद के सम्बंध में जानकारी दी तथा पेंशन धारक को समस्याओ को सुना गया। मौके पर राकेश छिमवाल, गौरव कुमार, वैशाली राठौर, मुकेश, महेन्द्र सिंह, टेक चन्द्र, तिरमल सिंह, धर्मपरल सिंह आदि मौजूद रहे।

# शहीद की वीरांगना सरस्वती देवी ने की मांग

**■ जीआईसी और सड़क का नाम शहीद हरी सिंह के नाम पर रखा जाए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट (चंपावत)।** नियति का क्रूर खेल कभी-कभी इंसान के जीवन को ऐसी परीक्षा में डाल देता है, जिसकी कल्पना भी कठिन है। नेपाल सीमा से लगे बगोटी गांव की रहने वाली वीरांगना सरस्वती देवी का सुहाग उस समय उजड़ गया था, जब वह मात्र 18 वर्ष की थीं। उनके पति शहीद हरी सिंह ने वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में देश की रक्षा करते हुए वीरगति पाई थी। सरस्वती देवी का विवाह मात्र 15 वर्ष की आयु में हुआ था और तीन वर्ष बाद ही नियति ने उनका सुहाग छीन लिया। पति की शहादत के बाद उन्होंने सामाजिक परंपराओं को तोड़ते हुए स्वयं सिर मुंडवाकर



अपने पति का अंतिम संस्कार व क्रियाक्रम किया था। पिछले 54 वर्षों से यह वीरांगना अपने शहीद पति की तस्वीर के आगे दीप जलाकर उनकी स्मृति को जीवित रखे हुए हैं। अब उनके परिवार में कोई अन्य सदस्य नहीं है। सरस्वती देवी की अंतिम इच्छा मेरे शहीद पति के नाम पर हो सम्मान। भावुक सरस्वती देवी ने कहा मैंने पूरा जीवन अपने पति की याद में गुजारा है। अब मेरी अंतिम इच्छा है कि राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) मडलक और बगोटी-गंगेश्वर - खेत सड़क मार्ग का नाम मेरे शहीद पति हरी सिंह के नाम पर रखा जाए। इससे मुझे आत्मिक शांति मिलेगी और मेरे शहीद पति की आत्मा को भी सुकून मिलेगा। उक्त सड़क के बनने से क्षेत्र के उन लोगों की 35 किलोमीटर लंबी दूरी कम हो जाएगी जो पंचेश्वर में पूजा अर्चना व अपने परिजनों के अंतिम संस्कार में यहां आते है।

इस सड़क का नाम अमर शहीद के नाम पर रखने से हर वक्त लोगों को उनका स्मरण होता रहेगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से वीरांगना की इस भावना से प्रेरित होकर क्षेत्र पंचायत सदस्य अनीता पांडे ने जिलाधिकारी चंपावत को पत्र लिखकर वीरांगना एवं क्षेत्रीय जनता की भावनाओं से अवगत कराते हुए उनकी अंतिम इच्छा पूरी करने की मांग की है।

# जनता से किए हर वादे को पूरा करूंगा: विकास शर्मा

**■ फाजलपुर महरौला में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण का महापौर ने किया शिलान्यास**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर निगम की ओर से शहर के वार्ड नंबर 25, फाजलपुर महरौला क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए नई इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस सड़क का निर्माण विराट मेडिकल स्टोर से लेकर देवेन्द्र रस्तोगी के घर तक किया जाएगा। सड़क का शिलान्यास महापौर विकास शर्मा ने नारियल फोड़कर एवं भूमि पूजन कर किया। शिलान्यास के अवसर पर वार्डवासियों ने महापौर विकास शर्मा और वार्ड की पार्षद प्रियंका गुप्ता का फूल-मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया।



महापौर विकास शर्मा ने कहा कि फाजलपुर महरौला क्षेत्र में इस सड़क का निर्माण लंबे समय से स्थानीय निवासियों की प्रमुख मांग रही है, जो अब पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय की "ट्रिपल इंजन सरकार" एक साथ काम कर रही है, जिससे विकास कार्यों की गति कई गुना बढ़ी है। महापौर ने कहा कि रुद्रपुर को स्मार्ट, स्वच्छ और सुगम यातायात वाला शहर बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता की समस्या को अपनी समस्या मानकर ही इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम के अंत में वार्ड पार्षद प्रियंका गुप्ता ने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए महापौर विकास शर्मा और नगर निगम टीम का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि आने वाले समय में वार्ड की अन्य मूलभूत समस्याओं का भी समाधान चरणबद्ध रूप से किया जाएगा। शिलान्यास भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, पारस चुघ, मुकेश पाल, जितेन्द्र संधू, जितेन्द्र मौर्य, संतोष गुप्ता, लाल बच्चन गुप्ता, प्रदीप त्यागी, उपेंद्र गुप्ता, त्रिलोचन सिंह, प्रवीण तिवारी,एस के तिवारी, राम यादव, दीपक सक्सेना, महेश गंगवार, सुमित गंगवार, डी. एन शर्मा, रणवीर सिंह चौहान, ममता श्रीवास्तव अखिल भटनागर, सोनू सिंह,लव कुमार जायसवाल, संतोष राजभर, प्रसादी लाल कोली, अनिल कोली, विपिन कोली,अरविंद सिंह अजय सक्सेना, डा.जसवंत सिंह, जितेंद्र हुंडल, दिलजोत बाजवा, लवी सिंह, अंकुर गुप्ता,संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# विपरीत परिस्थितियों में भी हिमवीर महिलाओं की लगन ने छुआ गगन

**■ आदि कैलाश अल्ट्रा मैराथन में लोहाघाट की 36वीं बटालियन की महिला वीरांगनाओं का शानदार प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट (चंपावत)।** आदि कैलाश में आयोजित अल्ट्रा मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आईटीबीपी की 36वीं बटालियन (लोहाघाट) की महिला हिमवीरों का बटालियन परिसर में शुक्रवार को भावपूर्ण स्वागत किया गया। इस कठिन प्रतियोगिता में आईटीबीपी की विभिन्न बटालियनों के 97 जवानों ने भाग लिया, जिनमें 36वीं बटालियन की ओर से दो अधिकारियों सहित 14 जवान, जिनमें पांच महिलाएँ भी शामिल थीं, ने हिस्सा लिया। पांच किलोमीटर महिला दौड़ में बेबी कुमारी ने प्रथम स्थान और ममता टोप्पो ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 10 किलोमीटर दौड़ में अंजनी दानू ने तीसरा स्थान हासिल किया।

राजस्थान की बेबी कुमारी और झारखंड की ममता टोप्पो ने पहली बार 14,000 फिट ऊंचाई पर बर्फीली हवाओं और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में दौड़ पूरी कर इतिहास रचा। यह महिलाएं 2023 में ही आईटीबीपी का हिस्सा बनी है। आदि कैलाश में आईजी संजय गुंज्याल द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं महिला धावकों का लगातार उत्साह वर्धन करने से वह सभी



उत्साहित थे। इन्हें उत्साहित करने में डीआईजी रवी पंडित ने भी उन्हें खूब प्रोत्साहित किया। लोहाघाट स्थिति आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी में वाहिनी का नाम रोशन कर लौटी महिला धावकों का भावपूर्ण स्वागत किया गया। कमांडेंट संजय कुमार ने इस अभूतपूर्व सफलता के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग अपनी इच्छा शक्ति व लगन के बल पर जो सफलता प्राप्त कर लौटी है उससे अन्य महिला हिमवीरों को नई प्रेरणा व ऊर्जा मिलेगी। अपने सम्मान के लिए अपने अधिकारियों व हिमवीरों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका कहना था की इससे हमारा उत्साह, आत्मबल इतना बढ़ गया है कि हम में असंभव को संभव करने का जूनून पैदा हो गया है। 36वीं वाहिनी को आदि कैलाश में एक सौ मैराथन में सामिल लोगों की मेजबानी का अवसर मिला। वहां भी हिमवीरों के कार्य व व्यवहार को देखते हुए देश के विभिन्न प्रान्तों से आए हुए लोग अपने साथ मधुर स्मृतियां लेकर लौटे।

# राष्ट्रगीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** प्राचार्य डा. संगीता गुप्ता के नेतृत्व में वंदेमातरम् राष्ट्रगीत के माध्यम से सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि देश के प्रति समर्पण और कर्तव्य भावना को बढ़ावा देता है। देश के प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन में शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान से देश के सभी देशवासियों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।



कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान एवं वंदेमातरम के पश्चात लोहाघाट महाविद्यालय के एवं अन्य महाविद्यालयों की उपस्थिति रही जिसमें डॉ. संदेशा रायपा गर्ब्याल जवाहरलाल नेहरू, नई दिल्ली, डॉ. प्रताप सिंह बिष्ट, डॉ. अनिल सोनी, डॉ. परितोष उप्रेती, डॉ. वी एम पाण्डे, डॉ. जीवन कुमार सारस्वत, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. नरेंद्र धारियाल, डॉ. चंद्र प्रकाश, डॉ. हरिराम, कुमारी नीतू, डॉ. पंकज भट्ट, डॉ. अपराजिता, डॉ. लता कैड़ा, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. किशोर जोशी, डॉ. दिनेश व्यास, डॉ. अभिषेक पंत, डॉ. प्रकाश लखेड़ा, डॉ. सुमन पाण्डे, डॉ रवि सनवाल, डॉ. एस पी सिंह, डॉ.अर्चना त्रिपाठी, डॉ. भूपसिंह धामी, डॉ. उपेन्द्र चौहान, डॉ. सोनाली कार्तिकेय, डॉ. पंकज टम्टा, डॉ. महेश त्रिपाठी, डॉ. मनोज, गीतम, भावना खर्कवाल आदि उपस्थित रहे। वहीं राउमावि खूनाबोरा में यूथ एंड ईको क्लब प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के दिशा निर्देशन में बच्चों ने राष्ट्रगीत का गायन किया तथा उन्होंने बच्चों के समक्ष 150 वर्ष पूर्ण होने पर एक वर्ष तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी तथा वंदेमातरम पोर्टल की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# पालिका में अनियमितताओं व भ्रष्टाचार के खिलाफ सीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर पालिका परिषद रामनगर में लगातार सामने आ रही वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर नगर पालिका के कई सभासदों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित एक ज्ञापन देकर मजिस्ट्रेट जांच की मांग की है।

सभासदों ने ज्ञापन में कहा है कि पालिका प्रशासन द्वारा नियमों एवं प्रक्रियाओं की लगातार अनदेखी की जा रही है।पालिका की बैठकों में बिना चर्चा और स्वीकृति के निर्णय लिए जा रहे हैं।सदस्यों की आपत्तियों को नजर अंदाज किया जा रहा है और बिना बोर्ड की अनुमति के टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी किए जा रहे हैं।सभासदों ने यह भी कहा कि बोर्ड गठित हुए लगभग आठ माह से अधिक समय हो चुका है, फिर भी अब तक पालिका की स्थायी समितियों का गठन नहीं किया गया है, जो शासन के निर्देशों की खुली अवहेलना है।इन परिस्थितियों में पालिका के कार्यों में पारदर्शिता समाप्त होती जा रही है और जनहित के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सभासदों ने मांग की है कि नगर पालिका परिषद रामनगर में हो रही सभी वित्तीय व प्रशासनिक अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय मजिस्ट्रेट जांच कराई जाए, ताकि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई हो सके। इस दौरान ज्ञापन देने वालो में सभासद पारस गोला, सभासद राहुल रावत , सभासद निदा अंजुम, सभासद कौशल्या शर्मा, सभासद मोहम्मद अजमल आदि शामिल रहे।

# यूपी की नकली डीएपी खाद की उत्तराखंड में धड़ल्ले से बिक्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** यूपी सीमा से सटी ग्राम सभाओं में धड़ल्ले से बिक रही नकली खादों का मामला प्रकाश में आया तो किसानों ने हंगामा खड़ा कर दिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने 26 कट्टे डीएपी खाद बरामद किया। वहीं जांच पड़ताल में पता चला कि खाद यूपी के जिला पीलीभीत के ग्राम भूड़ा कैमोर से आई थी। भनक लगते ही खाद व्यापारी मौके से फरार हो गया। ग्राम दाह ढाकी निवासी पारस विश्वास ने खेत में डीएपी खाद डालने के लिए यूपी के ग्राम भूड़ा कैमोर के एक डीलर से 26 कट्टे डीएपी खाद मंगाई, जिसकी भुगतान ऑनलाइन किया। जब खाद उसके फार्म पर पहुंची और उसने खाद का कट्टा खोला तो उसमे मटमैली रेत की तरह खाद निकली। वहीं नकली खाद की शंका होने पर किसान ने अन्य किसानों को मौके पर बुलाकर खाद को दिखाया तो उन्होंने खाद को नकली बताया। तत्पश्चात पीड़ित किसान ने सत्रह मील पुलिस को सूचना दी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस के जांच पड़ताल करने पर पता चला कि खाद पूरी तरह नकली है। उसके बाद डीलर से दूरभाष पर बात किया। वहीं डीलर ने सन्तोष जनक जबाब नहीं दिया और टालमटोल करने लगा। इसके बाद डीलर ने पीड़ित किसान द्वारा किए गए भुगतान 35100 रुपये को उसने ऑनलाइन वापस कर दिया और अपनी खाद वापस मांगने लगा।

फिलहाल खबर लिखे जाने तक 26 कट्टे खाद और एक छोटा हाथी पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# जोड़ों के दर्द गठीया आदि का विशेष शिविर 13 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** विवेकानंद धर्मार्थ अस्पताल, श्यामलाताल के प्रबंधक ज्ञाननिष्ठानंद महाराज ने शीतकाल में बढ़ने वाले जोड़ों के दर्द और हड्डियों से संबंधित बीमारियों को देखते हुए 13 से 15 नवंबर तक निशुल्क चिकित्सा शिविर लगेगा।

## गुमशुदा की तलाश



यह कि दिनांक. 06.09.2025 को समय लगभग सुबह 6:30 बजे सोनम उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्री बनवारी हाल निवास स्थान- वार्ड नं. 7 ट्रांजिट कैम्प, तह. रूद्रपुर जिला उ.सिं. नगर मूल निवासी-ग्राम भीतर गांव तह. शाहबाद जिला रामपुर उ.प्र. की है जो कि अपने हाल निवास स्थान पर बता कर गयी कि सिडकुल पंतनगर स्थित Khandelwal Laboratory Pvt Ltd कम्पनी से जा रही हूं और अभी तक घर पर वापस नहीं आयी है।

**गुमशुदा का हुलिया निम्नांकित:** उम्र लगभग 21 वर्ष, कद 5 फूट, रंग गोरों, कपडे लाल रंग की टी.शर्ट व नीले रंग की जीन्स पहने हुए है। पहचान बाये हाथ की कलाई पर दिल (टैटू) बना हुआ है।

आप जनसम्मानित को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में थाना ट्रांजिट कैम्प, तह. रुद्रपुर जिला उ.सि.नगर (उत्तराखण्ड) में एफआई आर नं. 273/25 धारा 140 (3) बीएन एस दर्ज है, उक्त हुलिये की लड़की किसी व्यक्ति को दिखायी देती है तो निम्न दुरभाष नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करे। आपकी महान कृपा होगी।

| | | |
|---|---|---|
| **वादी** | **थानाध्यक्ष** | **विवेचक** |
| **बनवारी** | **ट्रांजिट कैम्प** | **उ.नि. नेहा ध्यानी** |
| **मो.नं. 7351646130** | **मो.नं. 9412088605** | **मो.नं. 8979702992** |

## गुमशुदा की तलाश



कृपया सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक को समय 06.30 बजे गुमशुदा-ऊषा सरकार पत्नी अनादि पाल निवासी निवासी- शिमला बहादूर नारायण कालोनी, थाना ट्रांजिट कैम्प तह. रुद्रपुर जिला उ.सि. नगर उम्र 97 वर्ष जो दिनांक 25-06-2024 घर से बिना बताये कही चली गयी है, जिसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया है वर्तमान में गुमशुदा की तलाश जारी है उक्त सम्बन्ध में थाना ट्रांजिट कैम्प जनपद उधमसिहनगर में FIR NO-271-2024 धारा 365 IPC पंजीकृत है जिसकी वर्तमान में तलाश जारी है।

**गुमशुदा का हुलिया निम्न है:** रंग-सांवला,कद करीब 4.5 फीट, कपडे -सफेज साडी पहने है उम्र 97 वर्ष व हाथ में स्टील का डन्डा, एक छोटा सा बैग, बैग के अन्दर धार्मिक पुस्तक (गीता ) व तुलसी की माला पहने है । गुमशुदा का आधार कार्ड नं.- 3257,9854,7359, है । अत: जिस किसी सज्जन को उक्त गुमशुदा के सम्बन्ध में जानकारी मिले , कृपया निम्न पर सूचित करने का कष्ट करें।

| | |
|---|---|
| **प्रभारी निरीक्षक** | **विवेचक- ASI संतोष रोडियाल** |
| **थाना ट्रांजिट कैम्प, रुद्रपुर** | **थाना ट्रांजिट कैम्प** |
| **उधमसिंह नगर- मो. नं.- 9412088605** | **जनपद उधमसिंहनगर-मो.नं. 8279981896** |

# थराली आपदा पर हाई कोर्ट में सुनवाई एक सप्ताह बाद

## राज्य सरकार की रिपोर्ट पर याचिकाकर्ता से रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने थराली तहसील में बीते 22 व 28 अगस्त को बादल फटने से आई आपदा के बाद वहां के नागरिकों जरूरी सुविधाओं का लाभ नहीं दिये जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले को कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए अगली सुनवाई हेतु एक सप्ताह बाद कि तिथि नियत की है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि इस पर वे अपनी रिपोर्ट पेश करें जो रिपोर्ट कोर्ट में राज्य सरकर ने पेश की है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के याचिकर्ता ने राज्य सरकार की तरफ से पेश की गयी रिपोर्ट पर कई प्रश्न किए जिनमें कहा गया कि अभी तक राज्य सरकार ने पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया है जबकि कई लोग इस आपदा में बह गए उनका अभी तक सुराग तक नहीं मिला। थराली हॉस्पिटल अभी बदहाल की स्थिति में है। अभी तक वहां पर डाक्टरों की नियुक्ति नहीं हो पाई। महिलाओं की होने वाली डिलवरी भी अन्य हॉस्पिटलों से कराई जा रही है। यही नहीं चयनित आपदा पीड़ित इलाकों में राज्य सरकार ने कोर्ट के आदेश होने के बाद भी अर्ली वैदर सिस्टम नहीं लगा है। जो कि तीन जिलों के अलावा जबकि इससे प्रभावित क्षेत्र वंचित हैं। यही नहीं याचिकर्ता की तरफ से यह भी कहा गया कि अभी तक राज्य सरकार ने राज्य आपदा प्रंबधन की गाइड लाइन अपनी वेबसाइट पर जारी नहीं की जबकि आरटीआई के द्वारा उनके द्वारा इसकी सूचना आपदा विभाग से मांगी गई थी जो उन्हें नही दी गई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि वे राज्य आपदा प्रबन्धन की रिपोर्ट पेश करें। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि वहाँ कि वर्तमान स्थिति कया है, आपदा पीड़ित लोग कौन कौन से सुविधाओं से बंचित हो रहे उनके लिए सरकार के द्वारा अभी तक कया सुविधाएं दी गयी हैं भविष्य में इनके उद्धार के लिए राज्य सरकार की कय नीति है। उस्की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। जो रिपोर्ट पेश की गई कोर्ट उससे सन्तुष्ट नहीं हुई। पेश की गई रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने अपनी प्रतिक्रिया पेश करने को कहा है। कोर्ट ने आगे यह भी कहा है कि उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है। बादल फटना तथा ग्लेशियरों का पिघलना मानवीय हस्तेक्षप का कारण हो सकता है लेकिन इनसे निबटने की जिमेदारी राज्य सरकार की हो सकती है।

### विकास प्राधिकरण से पूछा कि पिछले आदेशों का कितना पालन हुआ?

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल की सूखाताल झील में हो रहे सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्यों के मामले में स्वत: संज्ञान लिया। मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने जिला विकास प्राधिकरण से पूछा कि पिछले आदेशों का कितना पालन हुआ और प्रगति रिपोर्ट पेश करें। कोर्ट ने 2022 में भारी निर्माण कार्यों पर रोक लगाई थी और 2024 में सूखाताल झील के सौंदर्यीकरण के लिए चार महीने में रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन अब तक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। कोर्ट ने जिला झील विकास प्राधिकरण को आदेश दिया कि 17 नवंबर तक प्रगति रिपोर्ट पेश करें। मामले की शुरुआत नैनीताल निवासी डा. जीपी साह और अन्य द्वारा भेजे गए पत्र से हुई, जिसमें सूखाताल झील में अवैज्ञानिक निर्माण, जल स्रोतों के बंद होने और अतिक्रमण की समस्याओं पर चिंता जताई गई थी। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी और कमिश्नर को ज्ञापन भी दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### तीन को 12-12 वर्ष का कठोर कारावास

**नैनीताल।** अपर जिला न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने वर्ष 2018 में रामनगर में गांजे के साथ गिरुतार एक महिला व दो पुरुषों को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को 1.20 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पूजा साह ने कोर्ट को बताया कि जून 2018 में रामनगर में मनीष सजवाण निवासी सतेरा खाता रुद्रप्रयाग को 6 किलो तथा सीता देवी निवासी आईटीआई शंकरपुरी उधमसिंहनगर व कृपाल सिंह निवासी थाना डिलारी मुरादाबाद को 11 किलो कुल 22 किलो से अधिक गांजे के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया था जो व्यवसायिक मात्रा से अधिक है। इन तीनों आरोपियों को कोर्ट ने विगत दिवस गांजा तस्करी का दोषी ठहराया था। जिन्हें आज सजा सुनाई गई। कोर्ट ने आरोपियों की ओर से अपनी गरीबी व महिला द्वारा वृद्ध होने व उसका कोई पैरोकार न होने जैसे तर्कों को नकारते हुए उन्हें 12-12 साल के कठोर कारावास व प्रत्येक को 1.20 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

### नदियों के मामले पर सुनवाई 19 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नंधौर, गौला, कोसी, गंगा व दाबका सहित अन्य नदियों से सिल्ट हटाने व नदियों को चैनेलाइज करने को लेकर स्वत: संज्ञान लेकर दायर जनहित की सुनवाई के बाद अगली सुनवाई की तिथि सोमवार 10 नवंबर तय की है। नदियों से वर्षात के समय हो रहे भू कटाव व नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण आबादी क्षेत्रों में जल भराव व भू कटाव होने के संबंध में गौलापार निवासी आरटीआई कार्यकर्ता भुवन पोखरिया द्वारा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को भेजे शिकायती पत्र का कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इसे जनहित याचिका के रूप में पंजीकृत किया है। याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई।

### वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैंसी कॉन्वेंट स्कूल परिसर में आयोजित श्री राम सिंह मेमोरियल जनपद वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में जनपद के 27 विद्यालयों की बालक एवं बालिका टीमों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। पूरे आयोजन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल व अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दैनिक जागरण हल्द्वानी के असिस्टेंट जीएम (मार्केटिंग) विनय कृष्ण तिवारी रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफी समेत मेडल, प्रमाणपत्र एवं उपहार प्रदान किए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, एकता व अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। नैंसी एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के निदेशक डा. संजय कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है और शिक्षा के साथ खेल एवं सह पाठ्यक्रमिक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रधानाचार्या हिना ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा प्रबंध निदेशक इंजीनियर आईपी सिंह ने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी जबकि द्वितीय स्थान केंद्रीय विद्यालय हल्द्वानी तथा तृतीय स्थान गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी ने हासिल किया जबकि बालक वर्ग में प्रथम स्थान हेरिटेज स्कूल हल्द्वानी, द्वितीय स्थान सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी व तृतीय स्थान असेंट पब्लिक स्कूल हल्द्वानी ने हासिल किया। पूरे आयोजन का संचालन देवेंद्र सिंह भंडारी एवं शिक्षकों की टीम ने सफलतापूर्वक किया। प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## एक नजर

### वैज्ञानिक सत्रों में नवाचारों पर चर्चा

**मुक्तेश्वर।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में भारतीय पशु प्रतिरक्षा एवं जैव प्रौद्योगिकी सोसायटी का 30वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ। दूसरे दिन के वैज्ञानिक सत्रों में देशभर के विशेषज्ञों ने पशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण और वैक्सीनेशन नवाचार पर अपने विचार साझा किए। सत्रों में टीकों, निदान और चिकित्सा विज्ञान में ओमिक्स और नवाचार, जीनोमिक्स, रोग निगरानी और महामारी विज्ञान, और विकसित भारत 2047 के संदर्भ में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। डा. गया प्रसाद ने खाद्य प्रणालियों और वायरस संक्रमण के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि डा. आरपी सिंह ने सीमापार पशु रोगों पर व्याख्यान दिया। इसके अलावा, पोल्ट्री उत्पादन, रोग सुरक्षा और स्मार्ट पशुधन खेती पर भी चर्चा की गई। अंत में आईएसवीआईबी पुरस्कार सत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य प्रस्तुत करने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक संध्या के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### आज होगा आन्दोलनकारियों का सम्मान

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य राज्य आन्दोलनकारी सम्मान समारोह शनिवार (आज) आयोजित किया जा रहा है। डीएम रयाल के मुताबिक यह समारोह जिला कार्यालय प्रांगण नैनीताल सहित तहसील धारी, खनस्यूँ तथा श्री कैंची धाम एवं बेतालघाट क्षेत्र के कुल अनुमानित 136 राज्य आन्दोलनकारियों के सम्मान के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्य आन्दोलनकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं सम्मानित महानुभाव एवं अन्य गणमान्य अतिथि की उपस्थिति रहेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि इस आयोजन को सफल तथा सुव्यवस्थित एवं यादगार बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को दायित्व सौंप दिए गए हैं। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता निर्माण खंड, जिला पूर्ति अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### गलैक्सी क्लब पहुंचा फाइनल में

**नैनीताल।** नगर के ऐतिहासिक फ्लैट्स मैदान में नगर पालिका मनोरंजन क्लब द्वारा आयोजित प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला किलर्स फुटबॉल क्लब व गैलेकसी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें गैलेक्सी क्लब ने मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। प्रतियोगिता में भागवत मेर ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस दौरान रोहित भाटिया, मोहन चिलवाल, अनिल कटियार तथा गोपाल आदि मौजूद रहे।

### सराहनीय सेवा के लिए आईजी कुमाऊं को मिला राष्ट्रपति सराहनीय सेवा पदक

**नैनीताल।** राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती परेड के शुभ अवसर पर



राज्यपाल उत्तराखंड ले.ज. गुरुमीत सिंह (सेनि.) द्वारा आईजी कुमाऊं श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल को राष्ट्रपति पदक से अलंकृत किया गया। कुमाऊं पुलिस परिवार की ओर से इस कामयाबी के लिए आईजी कुमाऊं को हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी हैं।

### बेतालघाट डिग्री कालेज में हुई प्रतियोगिताएं

**नैनीताल।** जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के रजतोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्केचिंग, वाद विवाद समेत नृत्य तथा निबन्ध आदि प्रतियोगिताएं हो रही हैं उसी क्रम में आज गायन प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विनय कुमार विद्यालंकार द्वारा की गयी। प्रो विद्यालंकार ने छात्र छात्राओं को राज्य स्थापना के रजत जयंती कार्यक्रमों में उत्साह से भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य बड़े संघर्षों व आन्दोलनों के बाद गठित हुआ अपने राज्य ने 25 वर्ष की यात्रा में अनेक उपलबधियां प्राप्त की हैं और भी बहुत कुछ पाने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। आज आयोजित गायन प्रतियोगिता में सरोजनी बी ए प्रथम सेमेस्टर, सुनील सिंह बीए प्रथम सेमेस्टर तथा पिंकी आर्या बीए पंचम सेमेस्टर ने प्रतिभाग किया। उन्होंने अपने गीतों में उत्तराखंड की संस्कृति को दर्शाया। निर्णायक मंडल में ममता पांडे एवं डा. निर्मला रही। प्रतियोगिता के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने उत्तराखंड राज्य को युवा राज्य बताते हुए इसके गठन पर प्रकाश डालासाथ ही उन्होंने राज्य की चुनौतियां एवं विकास की दिशा पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डा. दीपक ने किया।

### नैनीताल में फिर भड़का पुराना प्रॉपर्टी विवाद, पुलिस से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थित मेविला कंपाउंड क्षेत्र में स्थित एक पुराने प्रॉपर्टी विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को कई संगठनों के पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार मेविला कंपाउंड क्षेत्र में सुदर्शन साह का अनामिका होटल स्थित है। सुदर्शन का आरोप है कि कुछ विशेष समुदाय के लोगों ने बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर बैंक की मिलीभगत से उनके होटल पर कबजा कर लिया है। वहीं वर्तमान में होटल का संचालन कर रहे मोहम्मद अलीम का कहना है कि उन्होंने होटल को 10 वर्षों की लीज पर लिया था और इसके लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि अदा की थी। बाद में उन्हें पता चला कि होटल पहले ही बिक चुका था। इसके बाद उन्होंने होटल के असली मालिक दीपक अरोड़ा के साथ मिलकर संचालन शुरू किया। इस विवाद को लेकर शुक्रवार को विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि थाने पहुंचे और पुलिस से ठोस कार्रवाई की मांग की। मामले में एसआई सुनील कुमार ने बताया कि प्रकरण फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। और कई स्तरों पर जांच भी जारी है।

### पक्षकार बनाने की मांग को किया स्वीकार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय खेलों के दौरान काठगोदाम से हटाए गये लोगों द्वारा अपने पुनर्वास को लेकर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए इस मामले में नेशनल हाइवे को पक्षकार बनाने की मांग को स्वीकार कर लिया है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश जी नरेन्दर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में काठगोदाम निवासी आफताब आलम की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट को बताया गया कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान काठगोदाम से आनन-फानन में कई लोगों को हटा दिया गया। उन्हें नोटिस भी नहीं दिया गया। सरकार ने कहा कि यह यह क्षेत्र लोक निर्माण विभाग के बजाय एनएच के अधिकार क्षेत्र में आता है। याचिकाकर्ता की ओर से एनएच को पार्टी बनाने की मांग की गयी। जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ता की ओर से पीड़ितों को बसाने की मांग की गयी है।

# छवि अग्रवाल बनीं लीगल एड डिफेन्स काउंसिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** चाणकय लॉ कॉलेज रुद्रपुर की पूर्व छात्रा छवि अग्रवाल न्यायिक सेवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कामयाबी दर्ज करते हुए लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के रूप में चयनित हुई है। बता दें कि छवि अग्रवाल ने अपने समर्पण और विधिक ज्ञान के बल पर यह पद प्राप्त किया है। यह नियुक्ति न्याय विभाग की उस पहल का हिस्सा है जिसके तहत समाज के कमजोर वर्गों को निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। छवि अग्रवाल अब गरीब और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने वर्ष 2022 में बीबीए एलएलबी की परीक्षा चाणक्य लॉ कॉलेज रुद्रपुर से प्रथम श्रेणी में



उत्तीर्ण की और 2024 में इसी संस्थान से एलएलएम की परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस कामयाबी पर कॉलेज के चेयरमैन एसपी सिंह ने हर्ष व्यक्त किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर रविंद्र सिंह बिष्ट द्वारा बधाई प्रेषित करते हुए कहा गया उक्त छात्रा द्वारा संस्थान का नाम रोशन किया गया है। प्राचार्य डा.दीपाक्षी जोशी द्वारा कहा गया कि छवि अग्रवाल की यह कामयाबी कॉलेज के अन्य विद्यार्थियो के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षकगण सलीम अहमद, अनिल कुमार, डा. आयशा अमीन, डा. हरकमल कौर, डा. रुबीना सुल्तान, प्रतिभा सिंह, मनप्रीत कौर, आकांक्षा तथा रघुवंशी व सिद्धि ने खुशी जाहिर की है।

# विज्ञान प्रकृति को समझने की प्रक्रिया

## कुमाऊं विश्वविद्यालय में प्रो. एचसी वर्मा का प्रेरक व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित भौतिकी विभाग में शुक्रवार को देश के प्रख्यात भौतिक विज्ञानी और कॉन्सेप्ट्स ऑफ फिजिक्स पुस्तक के लेखक, प्रो. एचसी वर्मा का व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 900 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें नैनीताल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल थे। प्रो. वर्मा ने अपने व्याख्यान में विज्ञान को एक सरल और रोचक विषय बताया और विद्यार्थियों को विज्ञान के सिद्धांतों को समझने के लिए प्रश्न पूछने और प्रयोग करने की प्रेरणा



दी। उन्होंने कहा विज्ञान कोई कठिन विषय नहीं, बल्कि यह प्रकृति को समझने की एक सुंदर प्रक्रिया है। कार्यक्रम की शुरुआत भौतिकी विभाग में नवस्थापित 'आउटरीच एवं इनोवेशन प्रयोगशाला' के उद्घाटन से हुई, जो विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के बीच विज्ञान के प्रयोगात्मक अनुभव को साझा करने का मंच बनेगी। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. दीवान सिंह रावत ने इस अवसर पर प्रो. वर्मा का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के बीच ज्ञान और प्रेरणा का आदान-प्रदान करते हैं। भौतिकी विभाग की अध्यक्ष, प्रो. शुचि बिष्ट ने कहा कि इस आयोजन से विभाग और विश्वविद्यालय को गर्व महसूस हो रहा है। कार्यक्रम में विद्यालयों के शिक्षकों और प्राचार्यो की भी सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे यह आयोजन एक महत्वपूर्ण शैक्षिक संगोष्ठी का रूप ले सका। इस अवसर पर प्रो. संजय पंत, प्रो. एसएस बर्गली, प्रो. आरपी जोशी, प्रो. बिमल पांडे, प्रो. रमेश चंद्र, और अन्य वरिष्ठ प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

# वाद्य यंत्रों से लूटी महफिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर शुक्रवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर में राज्य स्तरीय वाद्य यंत्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया था। इस मौके पर ढोल, बांसुरी तथा हारमोनियम के साथ तबला की प्रस्तुति हुई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राहुल (उत्तराखंड मुक्त विश्व. विधालय) जबकि द्वितीय स्थान आशुतोष भट्ट (दून विश्वविद्याल) तथा तृतीय पुरस्कार शिवम् भट्ट (श्री देव सुमन विश्वविधालय) ने प्राप्त किया। परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा ऑनलाइन माध्यम से 21 एवं 11 एवं 5 हजार रुपएं की धनराशि का पुरस्कार प्रदान किया। कॉर्डिनेटर डा. रवि जोशी ने बताया कि विद्यार्थियों ने



उत्कृष्टता से तथा उत्तराखंड के सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। प्रमाण पत्र उच्च शिक्षा सचिव डा. रंजीत सिन्हा तथा कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के हस्ताक्षरों से जारी किए गए थे जो सभी प्रतिभागियों को प्रदान किए गए है। बता दें कि प्रतियोगिता के प्रायोजक आम्रपाली विश्व. विधालय हल्द्वानी रहा तथा प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्व. विद्यालय नैनीताल समेत शोभन सिंह जीना विश्व. विधालय अल्मोड़ा, श्री देव सुमन विश्वविधालय तथा दून विश्वविधालय के टॉप टेन प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक डा. महेश पांडे हल्द्वानी तथा कुमाऊं विश्व. विधालय के डा. रवि जोशी रहे। सभी प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल, कॉर्डिनेटर प्रो. ललित तिवारी, प्रो. रितेश साह, प्रो. महेंद्र सिंह राणा, डा. बीना पांडे तथा डा. अलंकार, डा. लक्ष्मी तथा डा. संध्या ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# युवक पर युवती को भगाने के मामले में आया फिर उबाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र की एक युवती को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में शुक्रवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए तत्काल युवती की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में लगातार किशोरियों और युवतियों को बहला फुसलाकर भगाने के मामले सामने आ रहे हैं लेकिन पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। सूचना पर पहुंचे सीओ अमित कुमार ने लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस मामले की जांच पूरी गंभीरता से कर रही है और जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पहले ही आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किया है और जांच जारी है। इस दौरान पूरन जोशी प्रांत सहसंयोजक बजरंग दल, अजय भगत अध्यक्ष सितारगंज विश्व हिंदू परिषद, मनोज कुमार संयोजक प्रखंड नैनीताल, बजरंग दल विवेक वर्मा जिला सहमंत्री विश्व हिंदू परिषद, कुणाल बेदी विद्यार्थी प्रमुख बजरंग दल, आकाश, रजत, रौनक तथा कृष्ण व रितिक आदि रहे।

# एसटीएच में गूंजा 'वंदे मातरम'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में विविध कार्यक्रमों एवं वंदे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों का उद्देश्य वंदे मातरम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभावनात्मक महत्व को उजागर करना तथा युवाओं में देशभक्ति, एकता और राष्ट्रवाद की भावना को प्रबल करना है।

इसी क्रम में शुक्रवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के लैक्चर थियेटर में वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कालेज के संकाय सदस्यगण, अधिकारी वर्ग, कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राओं ने



अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा। वंदे मातरम के गायन के पश्चात उपस्थित जनसमूह ने भारत माता के जयघोष के साथ देश की अखंडता और एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डा.) जीएस तितियाल ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा और अस्मिता का प्रतीक है। इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में अदम्य साहस, एकता और देशभक्ति की भावना जगाई थी। आज इसकी 150वीं वर्षगांठ हमें यह स्मरण कराती है कि देश की प्रगति में हमारा योगदान कितना आवश्यक है।

# सम्मान: आशा शुक्ला को गोल्डन पोयट्री अवार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाजसेवा के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए आशा शुक्ला को एक और सम्मान प्राप्त हुआ है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हल्द्वानी की अरुणोदय धर्मशाला में आयोजित कवियत्री अवार्ड फेस्टिवल में उन्हें विश्व



हिंदी रचनाकार मंच द्वारा गोल्डन पोयट्री अवार्ड से नवाजा गया। इस समारोह का आयोजन विश्व हिंदी रचनाकार मंच के संस्थापक राघवेन्द्र ठाकुर और डा. पुष्पलता जोशी के नेतृत्व में किया गया था। आशा शुक्ला ने इस सम्मान को पाकर मंच के संस्थापक राघवेन्द्र पंत और डा. पुष्पलता जोशी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह सम्मान मेरे लिए एक प्रेरणा है और मैं हमेशा अपने कार्यों के माध्यम से समाज की सेवा करने की कोशिश करूंगी। यह अवार्ड समारोह 5 नवंबर, बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया था। इस दौरान आशा शुक्ला ने मंच के आयोजकों का भी धन्यवाद किया और कहा कि उन्हें यह सम्मान पाकर बेहद गर्व महसूस हो रहा है। आशा शुक्ला के समाजसेवा, साहित्यिक कार्यों और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए किए गए योगदान को इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान आशा शुक्ला के अथक प्रयासों और समर्पण का प्रतीक है।

# वित्तीय साक्षरता को समृद्ध करने पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** महालेखाकार उत्तराखण्ड कार्यालय द्वारा राज्य सरकार के अधिकारियों समेत आहरण एवं संवितरण अधिकारियों एवं कोषाधिकारियों की वित्तीय साक्षरता को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय कार्यशाला नैनीताल कलब में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयन्त सिन्हा उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक एवं अध्यक्ष जीएएसएबी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई तथा कार्यक्रम का नेतृत्व मोहम्मद परवेज आलम महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड ने किया। कार्यशाला में वरिष्ठ उप महालेखाकार, उप महालेखाकार, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड देहरादून, जिलाधिकारी नैनीताल, अतिरिक्त आयुक्त कुमाऊँ मंडल अतिरिक्त जिलाधिकारी



नैनीताल, उप जिलाधिकारी नैनीताल, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा कोषाधिकारियों, संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा संबंधित प्रभागीय लेखा अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोहम्मद परवेज आलम ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया और अवगत कराया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता को सुदृढ़ करना, सामान्य भविष्य निधि से संबंधित जागरूकता बढ़ाना, मिलान प्रक्रियाओं में सुधार लाना तथा सरकारी लेखांकन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ऐसे क्षमता विकास कार्यक्रम राज्य के विभिन्न जिलों में निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जयन्त सिन्हा ने कहा कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों एवं कोषाधिकारियों द्वारा समयबद्ध एवं सटीक लेखांकन राज्य सरकार के वार्षिक लेखों की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने वित्त विभाग, कोषागार व आहरण एवं संवितरण अधिकारियों और महालेखाकार कार्यालय के बीच घनिष्ठ समन्वय को सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन के सुदृढ़ीकरण के लिए अनिवार्य बताया। सामान्य भविष्य निधि से संबंधित अनेक अंतिम भुगतान प्राधिकरण जयन्त सिन्हा उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा संबंधित अभिदाताओं को वितरित की गईं। इन्हें प्राप्त कर अभिदाताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं महालेखाकार कार्यालय के प्रति आभार प्रकट किया। इसके उपरांत लोकेश दताल वरिष्ठ उप महालेखाकार तथा एससी ममगाई उप महालेखाकार सहित महालेखाकार कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वित्तीय नियमों तथा सामंजस्य संबंधी मुद्दों एवं त्रुटिरहित सरकारी लेखांकन के सर्वोत्तम तरीकों पर प्रस्तुतियाँ दी गईं।

# हल्द्वानी: एमबीपीजी में सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर एमबीपीजी कालेज के संगीत विभाग द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। एकल गायन में हिमानी बिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गंगा दत्त रैकूनी ने द्वितीय और कृतार्थ ने तृतीय स्थान हासिल किया। एकल नृत्य में हर्षिता जोशी ने प्रथम, हरिप्रिया ने द्वितीय तथा मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान में संगीत विभाग के छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल किया। समूह नृत्य में एनसीसी यूके गर्ल्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संगीत विभाग की डा. दीपा नंदा द्वारा किया गया। निर्णायक के रूप में डा. जगमोहन परगाइ, डा. हिमांशु जोशी और डा. रोहित जोशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा. गोविंद बोरा, डा. गंगा तमांग, डा. आभा, डा. दीक्षा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तित्व भी उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया सोनू चौहान हत्याकांड का खुलासा

# पारिवारिक कलह से की थी हत्या

## गंगनहर पुलिस ने 12 घंटे में ही दबोच लिया मुख्य आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पश्चिमी अम्बर तालाब में गुरुवार शाम हुए सोनू चौहान हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। पारिवारिक विवाद के कारण आरोपी ने अपने बडे भाई के साले को मौत के घाट उतारा दिया था।

बुधवार रात पश्चिमी अंबर तालाब स्थित बीडी सिगरेट के गोदाम में लगी आग में 24 वर्षीय कुणाल पुंडीर की झुलसने से मौत हो गई थी। युवक के अंतिम संस्कार में पहुंचे उसके मामा सोनू चौहान की हत्या मृतक युवक के चाचा के द्वारा कर दी गई थी। मामले में मृतक की पत्नी ममता ने तहरीर देकर बताया था कि उसका पति भांजे के दाह संस्कार में शामिल होने आया था उसके बाद अपने घर को जाने लगा तो नमन और आशीष ने चाकू से गर्दन व छाती पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को तुरन्त सरकारी अस्पताल रुडकी ले जाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। हत्याकांड की जानकारी मिलने पर कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा विशेष टीम गठित कर आरोपियों की



जल्द गिरफ्तारी एवं प्रकरण की पूरी सच्चाई सामने लाने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। क्षेत्र में एक्टिव होकर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने मुखबिर के जरिए के जरिए मिली महत्वपूर्ण लीड के आधार पर जाल बिछाकर भागने की फिराक में जुटे हत्यारोपी नमन को माधोपुर अंडर पास से दबोचा। हत्यारोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू व खून से सने कपडे को टीन के छप्पर से बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया गया कि पिछले काफी सालों से चलते पारिवारिक विवाद के चलते जैसे ही मौका मिला तो उसने अपने भाई के साले सोनू चौहान का चाकू से गला रेतकर व अन्य जगह वार कर हत्या कर दी। पकड़ में आए हत्यारोपी को बाद विधिक कार्रवाई न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। वारदात में फरार चल रहे अन्य आरोपी की तलाश में भी पुलिस टीम सरगर्मी से जुटी हुई है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोहर भण्डारी,वरिष्ठ उप निरीक्षक दीप कुमार, उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट, नवीन कुमार,अपर उ0नि0 मनीष कवि, हेड कांस्टेबल संदीप, हेड कांस्टेबल अलियास,कांस्टेबल रणवीर, प्रभाकर और चालक लाल सिह शामिल रहे।

## लॉरेंस बिश्नोई के नाम से 30 लाख की रंगदारी मांगने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लारेंस विश्नोई के नाम से धनौरी के व्यवसाई से तीस लाख की फिरौती मांगने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी ने विदेश में रह रहे एक दोस्त से लारेंस के नाम से रंगदारी मांगी थी। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने बताया कि कलियर थाना क्षेत्र निवासी रवि सैनी ने बताया था कि एक विदेशी नंबर से धमकी भरी कॉल आई थी काल आई थी। कॉल करने वाले व्यक्ति द्वारा 30 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम का गठन किया गया और वादी द्वारा दिए गए नंबर की जांच की गई तो वह नंबर आर्मेनिया देश का निकला। पुलिस द्वारा नंबर का रिकॉर्ड निकाला गया तो प्रकाश में आया कि नंबर अजय हुड्डा नाम के व्यक्ति का है जो की रोहतक के कई नंबरों से लगातार टच में है। पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि अजय हुड्डा आरमेनिया में नौकरी करने गया है और उसके साथी आशीष सैनी निवासी मूल दासपुर माजरा थाना बहादराबाद द्वारा वादी रवि सैनी और उसके भाई का नंबर उपलब्ध करवाए गए थे। जिस पर पुलिस ने आशीष सैनी को गिरफ्तार कर लिया। अजय हुड्डा फरार है आरोपी ने मोटी कमाई के चक्कर में आर्मेनिया में बैठे साथी के साथ प्लान बनाकर रवि सैनी और उसके भाई को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से कॉल की थी।

## बीएसएम पीजी कॉलेज में नृत्य व गीत प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम पीजी कॉलेज रुड़की में उत्तराखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में गढवाली ,कुमाऊंनी नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता कराई गई। नृत्य प्रतियोगिता में सोनाली ने प्रथम स्थान, वंदना ने द्वितीय स्थान तथा शुभांगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कु प्रिया प्रजेश के गीत की विशेष रूप से सराहना की गई। निर्णायक मंडल में डॉ. इन्दु अरोड़ा, डॉ सीमा गुप्ता और श्रीमती मृदुला कश्यप रहीं। सांस्कृतिक समिति की डॉ सुनीता कुमारी, डॉ रीमा सिन्हा, डॉ अलका तोमर ने कार्यक्रम संपन्न कराया ।महाविद्यालय के प्रोसेसर्स डॉ सुरजीत सिंह, डॉ राजेश पालीवाल, डॉ संदीप पोसवाल, अंजना सैनी , श्रीमती



दीपिका तोमर आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ गौतमवीर ने कार्यक्रम के संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं और छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## लक्सर शुगर मिल में पेराई सत्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** गुरुवार को लक्सर शुगर मिल में परिसर में हवन-पूजन के साथ पैराई सत्र का शुभारंभ हो गया श्तौल काटों का विधि-विधान से पूजन किया गया, तो किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।भव्य समारोह और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थितिकार्यक्रम में खानपुर विधायक उमेश कुमार, शुगर मिल के डायरेक्टर आदिल सिंह, महाप्रबंधक एस.पी. सिंह, खानपुर के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन, प्रदेश स्तरीय गन्ना विकास सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) श्यामवीर सिंह सैनी, गन्ना समिति अध्यक्ष अनुराग चौधरी, समिति सचिव सूरजभान सिंह, तथा सरकार द्वारा नामित डायरेक्टर गन्ना समिति लक्सर राहुल सैनी, विनोद प्रधान, विनोद चौधरी, बच्चन चौधरी, सोनू राठी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सबसे पहले गन्ना लेकर पहुंचे किसान को शुगर मिल प्रबंधन की ओर से कंबल व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । अवसर पर खानपुर विधायक उमेश कुमार ने किसानों के मुद्दों



को उठाते हुए कहा कि सरकार द्वारा गन्ने का रेट बहुत कम बढ़ाया गया है, जिससे किसान परेशान हैं। भुगतान मिल महाप्रबंधक एस.पी. सिंह ने बताया कि किसानों और मिल प्रबंधन के बीच हमेशा मधुर संबंध रहे हैं। उन्होंने खुशी जताई कि पिछले पेराई सत्र का किसानों का पूरा भुगतान किया जा चुका है, और लक्सर शुगर मिल भुगतान के मामले में हमेशा राज्य में प्रथम स्थान पर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस वर्ष भी समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर दर्जा राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, सरकार द्वारा लक्सर गन्ना समिति में नामित डायरेक्टर राहुल सैनी व क्षेत्र के लोग आदि मौजूद रहे।

## देशभक्ति हमें बनाती है कर्तव्यनिष्ठ : अमरजीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की कोतवाली परिसर में रजत जयंती और वंदे मातरम गायन कार्यक्रम सम्पन हो गया। इस अवसर पर कोतवाली मंगलौर प्रभारी अमरजीत बोले कि देशभक्ति हमें कर्तव्य निष्ठ बनाती है और वंदे मातरम हमारे दिल की भावना है।

जानकारी के अनुसार उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत जयंती समारोह एवं वंदे मातरम गायन की 185वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को कोतवाली मंगलौर परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गए। वहीं दूसरी ओर कोतवाली मंगलौर प्रभारी अमरजीत सिंह ने कहा कि "उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती हमारे लिए गर्व का क्षण है। वंदे मातरम गायन हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण और देशभक्ति की भावना को जीवित रखने की प्रेरणा देता है।

### रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ खंड अभियंता ने मौके पर जाकर की जांच

# रेलवे को किसानों की अधिग्रहित जमीन में मिलीं खामियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रेलवे के कुछ अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण किसानों की 370 मीटर जमीन के चारों ओर रेलवे हेतु जमीन अधिग्रहीत कर लिए जाने के मामले को राज्यसभा सांसद डा. कल्पना सैनी द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री के सामने रखे जाने पर प्रथम जांच में गलत आख्या की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सांसद द्वारा मौके की जांच कराए जाने के निर्देशों के क्रम में रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ खंड अभियंता ने मौके पर जाकर जांच की तो वह यहां की गई निशानदेही को देखकर दंग रह गए। साथ ही किसानों द्वारा जमीन अधिग्रहण के पूरे चिन्हीकरण की जानकारी मौके पर दिखाने पर पाया गया कि 370 मीटर जमीन पूरे तौर पर चारों ओर से रेलवे द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि के बीच में आ गई है,जिस पर दर्शाए गए पहुंच मार्ग पर भी अधिग्रहण की निशानदेही की गई है।

उत्तराखंड में नवनिर्मित रुड़की-देवबंद रेल लाइन में किसानों की जमीन का गलत तरीके से अधिग्रहण कर खसरा संख्या 458(स्थित ग्राम-रहीमपुर) के लगभग 370 मीटर हिस्से के चारों ओर रेलवे की जमीन अधिग्रहित कर लिए जाने एवं इस हिस्से पर आने वाली चकरोड(पहुंच मार्ग) पर निशानदेही कर रास्ता भी बंद कर दिए जाने के संबंध में पिछले दिनों गणेशपुर निवासी पीड़ित किसानों श्रीमती उर्मिला देवी,महिपाल सिंह व सुमित तोमर द्वारा राज्यसभा सदस्य डा.कल्पना सैनी के जरिए केंद्रीय रेल मंत्री से शिकायत की गई थी। आरोप है कि किसानों की भूमि स्थित ग्राम रहीमपुर खसरा संख्या 458 के कुल भाग 0. 1100 हेक्टेयर में से 0.0730 हेक्टेयर का अधिग्रहण रेलवे विभाग द्वारा किया गया है। मौके पर उनकी लगभग 370



मीटर जमीन शेष है। आरोप है कि रेलवे निर्माण विभाग के कुछ अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण उक्त 370 मीटर जमीन के चारों ओर रेलवे हेतु जमीन अधिग्रहीत कर ली गई है। अर्थात उक्त जमीन के पूर्वी दिशा में अन्य किसान की जमीन का अधिग्रहण किया गया है तो पश्चिमी दिशा में खसरा संख्या 457 जो खसरा संख्या 458 से सटा है,भी पूरे तौर पर रेलवे द्वारा अधिग्रहीत किया गया है। उत्तरी दिशा में देवबंद रेलवे लाइन व खसरा संख्या 458 की कुछ जमीन अधिग्रहीत की गई है। इसी प्रकार दक्षिणी दिशा में खसरा संख्या 459 की पूरी जमीन जो खसरा संख्या 458 से सटी है अधिग्रहीत की गई है। इस प्रकार से उक्त खसरा संख्या 458 के शेष बचे लगभग 370 मीटर क्षेत्रफल के चारों ओर दिलचस्प और हैरत अंगेज ढंग से रेलवे की जमीन हो गई है। उक्त हिस्से पर पहुंचने के लिए खसरा संख्या 458 के मुहाने पर एक चकरोड स्थित है। रेलवे निर्माण विभाग द्वारा इस चकरोड पर भी मौके पर निशानदेही कर उसे अधिग्रहीत दर्शा दिए जाने का आरोप भी शिकायत में लगाया गया था। इस मामले में रेल मंत्री द्वारा कुछ माह पूर्व तत्कालीन डीआरएम को जांच के निर्देश दिए गए थे। लेकिन डीआरएम के आदेश पर रेलवे अफसरों ने बिना मौके की जांच किए बंदोबस्त अधिकारी हरिद्वार द्वारा जारी मानचित्र के आधार पर मौके पर रास्ता होने की गलत रिपोर्ट दे दी। जिस पर किसानों ने पुनः सांसद डा.कल्पना सैनी के सामने मामला रखा। सांसद द्वारा गलत रिपोर्ट पर एतराज जताए जाने के बाद नवनियुक्त डीआरएम द्वारा मौके पर जांच के निर्देश दिए गए। जिनके अनुपालन में मुख्य खंड अभियंता बृजमोहन सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। सीनियर सेक्शन इंजीनियर द्वारा मौके पर की गई जांच में वह यहां की गई निशानदेही को देखकर दंग रह गए। साथ ही किसानों द्वारा जमीन अधिग्रहण के पूरे चिन्हीकरण की जानकारी मौके पर दिखाने पर पाया गया कि 370 मीटर जमीन पूरे तौर पर चारों ओर से रेलवे द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि के बीच में आ गई है।

## पुलिस ने अगवा बालक को 12 घंटे में किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी पुलिस की तत्परता और मेहनत रंग लायी है। पुलिस ने 16 वर्षीय बालक को किया 12 घण्टे के अन्दर बरामद कर लिया है। गुमशुदा अपहृता अब्दुल रजी के अचानक गायब होने से परिजन परेशान थे। युवक के वापस मिलने से परिजनों ने खुशी जताकर पुलिस का आभार जताया है।

जानकारी के अनुसार दिनाँक 05.11.2025 को श्रीमती नरगिस पत्नी अब्दुल रब खान निवासी इस्लाम नगर रूडकी ने कोतवाली रूडकी पर प्रार्थना पत्र दिया कि उसका पुत्र अब्दुल रजी उम्र 16 वर्ष का बिना बताये घर से चले जाने पर के आधार पर कोतवाली रूडकी पर मु0अ0सं0 403/2023 धारा-137(2)पंजीकृत किया गया। गुमशुदा अपहृता की बरामदगी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार के दिशा निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं पुलिस उपाधीक्षक रूडकी महोदय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूडकी द्वारा अ0उ0नि0 अषाढ सिह पंवार के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा आसपास व सम्भावित स्थानो पर लगे लगभग 100 सी0सी0टी0वी0 कैमरो को खंगाला गया व मुखबिर तन्त्र को अलर्ट किया गया। अच्छी किस्म कि सुरागरसी पतारसी के चलते गठित पुलिस टीम द्वारा 12 घण्टे के अन्दर ही गुमशुदा अपहृता बालक को सकुशल बरामद कर परिजनो के सपुर्द किया गया।

## राउमा सालियर में रंगोली, निबन्ध प्रतियोगिताएं आयोजित

**रुड़की।** उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के रजत जयन्ती वर्ष के उपलक्ष में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सालियर में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच रंगोली, निबन्ध तथा पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक जुड़ाव का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोलियों, सृजनात्मक पोस्टरों, तथा सार्थक निबन्धों ने सभी को प्रभावित किया। सुंदर रंगोलियों ने विद्यालय परिसर को बेहद मनमोहक बना दिया और छात्रों की कला- सृजनशीलता को उजागर किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण अर्चना सैनी, सायमा बानो, राकेश कुमार, सलीम अहमद एवं प्रधानाध्यापक रविन्द्र ममगाई उपस्थित रहे।

## समर्पण संस्था के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य के रजत जयंती स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में समर्पण जन कल्याण संगठन ट्रस्ट की और से पौध रोपण किया गया ! मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट संस्था के अध्यक्ष नरेश यादव और सदस्यों ने मिलकर पौध रोपण किया। इस दौरान वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने समर्पण की टीम के साथ राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गान किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट ने कहा की संस्था राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। कहा की और भी संस्थाओं को आगे आकर इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेना चाहिए। समर्पण संस्था के बारे में जैसा सुना था यह उससे भी बेहतर कार्य कर रही है! उन्होंने संस्था को विश्वास दिलाया कि शहर के सौंदर्यकरण में जहाँ भी संस्था को उनकी आवश्यकता होगी वह हर संभव सहयोग करेंगे। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट का स्वागत किया! इस मौके पर पर्यावरण प्रभारी आर्य संदीप यादव एडवोकेट , अध्यक्ष नरेश यादव, महामंत्री प्रदीप गोयल, कोषाध्यक्ष शशिकांत अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, पार्षद सचिन कश्यप, मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश सैनी, समाज सेवी शोभित गौतम, अरुण कोहली, विकास गुप्ता, अनूप बंसल, संजीव सैनी, अंकुर त्यागी, महेंद्र सैनी, महिला शाखा अध्यक्ष रेनू गुप्ता, महामंत्री प्रति अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बबीता यादव, नीलम सिंघल, गौरव गोयल, सरवन सैनी आदि मौजूद रहे।

## शांति व्यवस्था भंग करने पर दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 02 अभियुक्त को धारा 170 में किया गिरफ्तार किया गया है। रात्रि ग्रस्त में नियुक्त कांस्टेबल जितेंद्र ध्यान होमगार्ड सुनील सैनी ग्रस्त करते हुए कलियर मेटाडोर बस स्टैंड पर पहुंचे तो दो व्यक्ति आपस में लड़ झगड़ कर आमद फसाद कर रहे थे जिनको पुलिस पार्टी मौके पर समझने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं माने एवं और उत्तेजित होकर मरने मरने पर उतारू हो गए कोई और चारा ना देख अंतर्गत धारा 170 मैं गिरफ्तार किया गया जिन्हें माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है 'गिरफ्तार अभियुक्त' सलमान पुत्र इदरीश व कार्तिक सैनी पुत्र शिव कुमार निवासी ग्राम बाजू खेड़ी थाना पिरान कलियर है।

## बड़ा विवाद टला : शांति भंग में छह का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ग्राम लिब्बरहेड़ी में दो पक्षों के बीच हुए विवाद की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर माहौल बिगड़ने से पहले ही स्थिति पर काबू पा लिया। दिनांक 6 नवम्बर 2025 को प्राप्त सूचना के आधार पर प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह मय पुलिस फोर्स तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे, जहां दोनों पक्ष आपस में झगड़े व मारपीट पर आमादा थे। पुलिस टीम ने काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया, किंतु दोनों पक्ष शांत होने को तैयार नहीं हुए। शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत हिरासत में लिया। गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम:1. अनस पुत्र फय्याज2. रियासत पुत्र मकसूद3. मुसैब पुत्र रियासत4. गुड्डू पुत्र सलीम5. शुभम राठी पुत्र धर्मेन्द्र सिंह6. आयुष राठी पुत्र ओमवीर सिंह7. रजत राठी पुत्र प्रदीप कुमार, निवासी ग्राम लिब्बरहेड़ी थाना मंगलौर जनपद हरिद्वार। पुलिस टीम में शामिल अधिकारी-कर्मचारी: 1. प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह2. व०उ०नि० रफत अली3. उ०नि० बलवीर सिंह4. हे०का० सुदेश अग्रवाल5. का० तेजपाल6. का० अरविंद प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया किख़ "कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपसी विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाना चाहिए, अन्यथा पुलिस सख्त कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। हरिद्वार पुलिस की त्वरित कार्रवाई से स्थिति सामान्य हो गई तथा किसी बड़े विवाद की संभावना टल गई।

## राउमावि नन्हेड़ा में धूमधाम से मनाया वंदे मातरम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राउमावि नन्हेड़ा में वंदे मातरम गीत का जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्हेड़ा में आज विभाग के निर्देशों के तहत वंदे मातरम गीत का जश्न मनाया गया प्रधानाचार्य ने इस संबंध में बच्चों को मूल्यवान जानकारियां दीं।

जानकारी के अनुसार प्रधानाचार्य ताजीम अली ने बताया कि वंदे मातरम गीत बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 1875 में लिखा गया यह बंगाली और संस्कृत मिश्रित भाषा में लिखित है जिसे 1882 में आनंद मठ उपन्यास में शामिल किया गया 1896 के कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में पहली बार रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा इसे वंदे मातरम गीत गया गया। इस अधिवेशन के अध्यक्ष मौहम्मद रहीम तुला सयानी थे।

वहीं दूसरी ओर प्रधानाचार्य ने आगे बताया की बीबीसी के प्रसिद्ध रेडियो एंकर अमीन सयानी के दादा मोहम्मद रहीम तुल्ला सयानी थे आगे चलकर यह गीत एक राष्ट्रीय गीत बन गया और क्रांतिकारियों का यह प्रिय गीत




था। इस अवसर पर शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।

## बीएसएम में मनाया गया वन्दे मातरम का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएड के छात्र छात्राओं ने वंदे मातरम के 150वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में समूह गान अपने महाविद्यालय प्रांगण में प्रातः प्रार्थना सभा में की जिसमें महाविद्यालय के सभी सदस्य एवं शिक्षकगण समूह गान पर उपस्थित रहे।

इस पावन दिवस पर संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट ममतेश शर्मा, सचिव रजनीश कुमार शर्मा, आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष जी ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत की जड़ों को कमजोर करने में एवं राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। एवं इस गीत के माध्यम से स्वतंत्रता का बिगुल बजाने में अपना योगदान दिया। अंत में बीएड की प्रचार्या महोदया डॉ ममता जोशी ने कहा कि वन्दे मातरम केवल एक गीत नहीं है बल्कि यह एक भावना है जो सभी देश प्रेमियों को एक साथ लाने का कार्य करती रही हैं बंकिम चंद्र चटर्जी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा उन्होंने अपने अमर उपन्यास आनंदमठ में लिखा था जिसे बाद में 1882 में प्रकाशित किया गया। उनका यह स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए एक अभूतपूर्व योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ सुमित




श्रीवास्तव, निमिषा सैनी, सोनिया सैनी, डॉ संगीता सैनी,भारत चन्द अविनाश, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कुत्तों पर सुप्रीम आदेश

भारतीय इतिहास में कुत्ता सबसे वफादार जानवर बताया गया है। कई ऐसी सच्ची घटनाएं सामने आई हैं कि अपने मालिक को बचाने के लिए कुत्तों ने अपनी जान भी दे दी, लेकिन अब इन पर ही सर्वोच्च न्यायालय का आदेश आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी राज्य 2 हफ्ते के अंदर ऐसे संस्थानों और परिसरों की लिस्ट तैयार करें, जो कोर्ट की तरफ से बताई गई श्रेणी में आते हैं। कोर्ट ने स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और दूसरी इमारतों को इस श्रेणी में रखा है। इसके अलावा हाईवे से गाय-बैल को हटाने के लिए भी कहा गया है। इस आदेश के बाद डॉग लवर को राहत मिली है क्योंकि किसी भी तरह उनका अपने पाले गए कुत्ते से मोह नहीं हट रहा है। हटे भी कैसे, उस कुत्ते को उन्होंने अपनी औलाद की तरह ही पाला है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक महिला वकील तो कोर्ट में ही रोने लगी। शहरों में आम तौर पर हर चौथे घर में कुत्ता पालने की परंपरा रही है, जबकि गली-मौहल्ले के कुत्ते उस गली की सुरक्षा करते हैं, जिसमें वह रहते हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश ऐसे लोगों के लिए नहीं है, जिन्होंने कुत्ते पाल रखे हैं। कोर्ट का आदेश तो केवल उन सार्वजनिक स्थानों तक है, जहां का संबंध आम जन से जुड़ा हुआ है। कोर्ट ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, हॉस्पिटल, बस डिपो, रेलवे स्टेशन, सरक.ारी दफ्तरों और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से आवारा कुत्तों को हटाने के लिए कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने हाईवे और एक्सप्रेसवे से आवारा गाय-बैल को भी हटाने के लिए कहा है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन वी अंजा.रिया की बेंच ने सभी राज्य सरकारों और संबंधित संस्थाओं से 8 हफ्ते में इस आदेश का पालन करने के लिए कहा है। मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी। कोर्ट का कहना था कि सड़क और हाईवे पर घूमने वाले आवारा पशुओं को हटाने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। राज्य सरकारें इसके लिए गश्ती दल का गठन करें, जो लगातार सड़कों की निगरानी करे। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए, जिसमें लोग सड़क पर आवारा पशुओं की जानकारी दे सकें। इन पशुओं के लिए गोशाला समेत दूसरे स्थायी आश्रय गृह बनाए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन किया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के शेल्टर होम से आवारा कुत्तों को बाहर निकालने पर रोक लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में कुत्ते के काटने से रेबीज होने संबंधी मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया और कहा कि इसमें कुछ चिंताजनक और परेशान करने वाले आंकड़े हैं। 11 अगस्त को आवारा कुत्तों के काटने से, खासकर बच्चों को उत्पन्न बेहद गंभीर स्थिति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से स्थायी रूप से शेल्टर होम में भेजने का निर्देश दिया।

## भाजपा-संघ ने वंदेमातरम से दूरी बनाए रखी



कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है, वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया, वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वंदे मातरम की गर्वित ध्वजवाहक रही है, यह बहुत अजीब बात है कि जो लोग (भाजपा- आरएसएस) आज खुद को राष्ट्रवाद का स्वघोषित रक्षक बताते हैं, उन्होंने कभी भी अपनी शाखाओं या दफ्तरों में वंदे मातरम या हमारे राष्ट्रगान, जन गण मन नहीं गाया है। इसके बजाय, वे नमस्ते सदा वत्सले गाते रहते हैं, जो उनके संगठन की महिमा करने वाला गीत है, देश का नहीं, 1925 में अपनी स्थापना के बाद से आरएसएस ने इसकी सार्वभौमिक श्रद्धा के बावजूद वंदे मातरम से दूरी बनाए रखी है, इसके साहित्य में एक बार भी इस गीत का जिक्र नहीं मिलता। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# 25 वर्षों में बदली उत्तराखंड में शिक्षा की तस्वीर

### राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा सूबे का सकल नामांकन अनुपात, शिक्षा में सुधार को कई योजनाएं लागू, छात्रवृत्तियों का भी मिला लाभ



एस. आलम अंसारी

राज्य के गठन के बाद विगत 25 वर्षों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था सीमित संसाधन, विषम भौगोलिक परिस्थितियां, विद्यालयों तक पहुंच और ड्राप आउट जैसी चुनौतियों के बावजूद न सिर्फ मजबूत हुई है बल्कि कई क्षेत्रों में मील के पत्थर भी स्थापित किए हैं।

शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्य सरकार ने कई सुधारात्मक कदम उठाए। इसके अलावा राज्य में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, साक्षर भारत कार्यक्रम, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, पीएम योजना, पीएम जनमन कार्यक्रम और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आदि का सटीक क्रियान्वयन कर गांव-गांव तक शिक्षा का उजियारा फैलाया।

**बस्तियों तक बनी शिक्षा की पहुंच**

राज्य में आज 97 फीसदी बस्तियों में एक किलोमीटर की परिधि में प्राथमिक विद्यालय जबकि 98 फीसदी बस्तियों में तीन किलोमीटर की परिधि में उच्च प्राथमिक विद्यालय, 92 फीसदी बस्तियों में 5 किमी की परिधि में हाईस्कूल एवं 94 फसदी बस्तियों में 7 किमी की परिधि में इंटरमीडिएट विद्यालयों की पहुंच है। शेष बस्तियां मानक पूरे न होने के कारण विद्यालय खुलने से वंचित रह गई हैं। जबकि राज्य गठन के उपरांत प्राथमिक स्तर के 18 फीसदी एवं माध्यमिक स्तर पर 26 फीसदी नए विद्यालय खोले गए हैं।

**राष्ट्रीय औसत से अधिक प्रदेश की जीईआर**

राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक विद्यालय खोले जाने से राज्य गठन के बाद सकल नामांकन अनुपात द्धग्रॉस एनरॉलमेंट रेसियो-जीईआरत्रः में अत्याधिक सुधार हुआ है। विशेषकर उच्च प्राथमिक स्तर पर यह अनुपात 80 से लेकर 104 प्रतिशत तथा माध्यमिक स्तर पर 56 से 93 प्रतिशत तक हो गया है। जो कि वर्तमान स्थितियों में शैक्षिक सूचकांकों के क्रम में राज्य का प्रदर्शन कुल राष्ट्रीय औसत से अच्छा है।

**बोर्ड परीक्षा परिणामों में बढ़ा उत्तीर्ण प्रतिशत**

राज्य गठन के उपरांत विद्यालय शिक्षा की पहुंच आसान होने, जन जागरूकता, विद्यालयों में संसाधनों की प्रयाप्त उपलब्धता, शिक्षकों के प्रशिक्षण आदि के परिणाम स्वरूप छात्र-छात्राओं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में निरंतर सुधार हुआ है। जहां एक ओर राज्य गठन के समय हाईस्कूल स्तर पर बोर्ड परीक्षा में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत मात्र 32.6 फीसदी था वहीं वर्तमान में यह प्रतिशत 90.8 फीसदी हो गया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट स्तर पर बोर्ड परीक्षा में छात्रों का तत्कालीन उत्तीर्ण प्रतिशत 61.2 था जो अब 83.3 फीसदी हो गया है।

**भौतिक संसाधन सम्पन्न बने विद्यालय**

राज्य गठन के बाद विद्यालयों में भौतिक संसाधनों का चरणवद्ध ढंग से विकास किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप वनभूमि क्षेत्रांतर्गत आने वाले 0।5 फीसदी विद्यालयों को छोड़कर शेष सभी विद्यालयों में भवन निर्माण कराए गए। जहां पर शत प्रतिशत विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध है। करीब 98 फीसदी विद्यालयों में बालक-बालिकों के लिए शौचालय, 99 फीसदी विद्यालयों में पेयजल सुविधा तथा 95 फीसदी विद्यालयों में विद्युतीकरण आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। ढांचागत विकास में प्रगति के लिए राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विद्यालई शिक्षा के बजट में वृद्धि की जाती रही है। जहां राज्य गठन के समय प्रारम्भिक स्तर पर 342 करोड़ का बजट स्वीकृत था वहीं वर्तमान में 4384 करोड़ हो गया है। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर पर बजट 323 करोड़ से बढ़कर 7017 करोड़ हो गया है।

**शिक्षा व्यवस्था में सुधार को योजनाएं लागू**

राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए राज्य गठन के बाद समय-समय पर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का क्रियान्वयन किया गया। जिसके संतोषजनक परिणाम मिले हैं। उदाहरण स्वरूप वर्ष 2003-04 में राज्य के दूर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभावान बालक-बालिकों को गुणवतापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए एक-एक आवासीय विद्यालय राजीव गांधी नवोदय विद्यालय नाम से स्थापित किए गए। जिसका सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार वर्ष 2015-16 में राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में 4 राजीव गांधी अभिनव आवासीय विद्यालय व प्रत्येक विकासखंड में दो-दो मॉडल स्कूल विकसित किए गए। जिनकी वर्तमान में कुल संख्या 190 हो चुकी है। जिनके सफल संचालन के लिए 22 करोड़ 44 लाख रुपये का बजट आवंटित है। इसी प्रकार एनईपी-2020 की अनुसंशा के आधार पर विद्यालयों को शिक्षा के उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने, भौतिक एवं मानव संसाधनों के अभीष्टतम उपयोग, छात्र-छात्राओं को गुणवतपूर्ण शिक्षा प्रदान करने के समान अवसर दिए जाने के दृष्टिगत वर्ष 2023-24 में कलस्टर विद्यालयों का शुभारम्भ किया गया। इस योजना के अंतर्गत माध्यमिक स्तर पर 559 विद्यालयों चयन कलस्टर स्कूल के लिए किया गया है, जिसके तहत अभी तक 86 करोड़ 6 लाख रूपये आंवटित किए जा चुके हैं। जबकि प्राथमिक स्तर पर 679 स्कूलों चयन कलस्टर विद्यालय के लिए किया गया है। जिनके लिए शीघ्र बजट आंवटित किया जाना प्रस्तावित है।

**बालिका शिक्षा को मिला प्रोत्साहन**

राज्य में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत 39 कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास स्थापित किए गए। जिनमें कक्षा-6 से 12 तक की 4300 बालिकाओं के लिए नि:शुल्क आवासीय सुविधाएं उपलब्ध है।

**छात्र-छात्राओं को मिला विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ**

प्रदेश के कमजोर एवं अपवंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किए जाने के लिए वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री छात्र प्रोत्साहन योजना शुरू की गई। जिसके तहत छात्रवृत्ति परीक्षा में बैठने वाले कुल छात्रों के 10 फीसदी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जा रही है। जिसके तहत कक्षा-6 के छात्रों को 600 रुपये प्रतिमाह से शुरूकर कक्षा-12 के छात्रों को 1200 रुपये प्रतिमाह दी जा रही है। इसी प्रकार हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने के लिए वर्ष 2029 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार प्रारम्भ किए गए है। जिसके तहत इंटरमीडिएट स्तर पर श्रेष्ठ तीन विद्यालयों को क्रमश: 10 लाख, 5 लाख व 3 लाख रुपये तथा हाईस्कूल स्तर पर श्रेष्ठ तीन विद्यालयों को क्रमश: 8 लाख, 4 लाख व 2 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जा रहा है। इसी प्रकार इंटर स्तर पर श्रेष्ठ तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमश: 21 हजार, 15 हजार व 11 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसी प्रकार हाईस्कूल स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 15 हजार, 11 हजार व 8 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 2100 का नकद पुरस्कार दिया जा रहा है।

**विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना**

प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के दृष्टिगत रियल टाइम आंकड़ों के संग्रहण के लिए वर्ष 2023-24 में केन्द्र सरकार के सहयोग से विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना की गई, जो देश का दूसरा विद्या समीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया। जिससे सभी विद्यालयों, छात्रों एवं शिक्षकों को जोड़ा गया। वर्तमान में छात्रों एवं शिक्षकों की ऑनलाइन रियल टाइम उपस्थिति ली जा रही है तथा छात्रों के रियल टाइम आंकलन के लिए परख कार्यक्रम भी इसी के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से शिक्षकों हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। राज्य के विद्यालय समीक्षा केन्द्र को राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केन्द्र से भी जोड़ा गया है।



राज्य सरकार विद्यालई शिक्षा को उत्कृष्ट, रोजगारपरक और मूल्यपरक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया जा रहा है, ताकि शिक्षा को व्यवहारिक और जीवनोपयोगी बनाया जा सके। साथ ही छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु खेल, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। केंद्र सरकार से वित्त पोषित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए, राज्य में शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य सतत जारी है।

**डॉ. धन सिंह रावत,**
**विद्यालई शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परीक्षा देने का सबसे अच्छा समय क्या है

कामेंलो विकारियो एवं उनके साथियों ने फ्रंटियर्स इन साइकोलॉजी पत्रिका के जुलाई 2025 के अंक मी एक शोध.ापत्र प्रकाशित किया था, जिसका शीर्षक था 'Timing Matters. Academic assessment changes throughout the day (समय मायने रखता है। शैक्षणिक मूल्यांकन दिन भर बदलता रहता है)। इस अध्ययन में उन्होंने संपूर्ण इटली के 1,04,552 विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन का विश्लेषण प्रस्तुत किया है, जो कहता है कि परीक्षा का समय मायने रखता है। अध्ययन में पाया गया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच आयोजित परीक्षाओं के परिणाम बहुत अच्छे आए थे, और उनमें मध्यान्ह (12 बजे) के आसपास आयोजित परीक्षाएं सबसे अच्छी रहीं। जबकि सुबह 8 से 9 बजे के बीच और दोपहर 2 से 5 बजे के बीच आयोजित परीक्षाओं के परिणाम खराब रहे।

यानी नतीजों पर इस बात का असर पड़ता है कि महत्वपूर्ण निर्णय दिन के किस समय लिए गए हैं। ग्राफ पर परीक्षा में सफलता दर घंटाकार वक्र रेखा के रूप में प्रदर्शित हुई थी, जिसके शिखर पर मध्यान्ह 12 बजे का समय था। अर्थात यदि सुबह 11 बजे या दोपहर 1 बजे परीक्षा हो तो उत्तीर्ण होने की संभावना में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन यदि परीक्षा सुबह 8-9 बजे या दोपहर 3-4 बजे ली जाती है तो उत्तीर्ण होने की संभावना अपेक्षाकृत कम हो जाएगी। उत्तीर्ण होने की संभावना सुबह और देर दोपहर में बराबर थी। इस अध्ययन के एक सह लेखक बोलोग्ना विश्वविद्यालय के प्रोफसर एलेसियो एवेनंती का कहना है कि हइन निष्कर्षों के व्यापक निहितार्थ हैं। ये नतीजे इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे जैविक लय (biological rhythms) महत्वपूर्ण मूल्यांकन परिणाम को सूक्ष्म रूप से लेकिन काफी प्रभावित कर सकती है जबकि इस बात को अक्सर निर्णय लेने के संदर्भ में अनदेखा कर दिया जाता है। हालांकि अध्ययन में इस पैटर्न के पीछे के क्रियाविधि का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन दोपहर के समय उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या में अधिकता इस बात के प्रमाण के समान है कि संज्ञानात्मक प्रदर्शन सुबह के दौरान बेहतर होने लगता है और दोपहर के दौरान कम होता जाता है। देर-दोपहर में विद्यार्थियों के ऊर्जा स्तर में गिरावट के कारण उनकी एकाग्रता कम हो सकती है, जिससे उनका प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। प्रोफेसर/शिक्षक भी (जांच के दौरान) निर्णय लेने में थकान का अनुभव कर सकते हैं, जिसके कारण उत्तरों मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है। वहीं, सुबह के समय में खराब परिणाम क्रोनोटाइप या जैविक घड़ी की विविधता के कारण हो सकते हैं। 20 की उम्र के लोग आम तौर पर रात में जागने वाले होते हैं, जबकि 40 या उससे ज्यादा उम्र के लोग सुबह जल्दी उठने वाले होते हैं। यानी जब प्रोफेसर शिक्षक सबसे ज्यादा चेतन फुर्तीले हैं तब विद्यार्थी उनींदे से होते हैं नतीजा होता है संज्ञानात्मक प्रदर्शन में गिरावट।




इटली के मेसिना विश्वविद्यालय के डॉ. विक.ारियो का सुझाव है कि दिन के समय के प्रभावों का मुकाबला करने के लिए, विद्यार्थियों को अच्छी नींद लेना चाहिए, दिन के जिस समय वे खुद को सबसे कम ऊर्जावान महसूस करते हैं उस दौरान महत्वपूर्ण परीक्षाओंध्साक्षात्कार रखने से बचना चाहिए, परीक्षा से पहले दिमाग को आराम देने जैसी रणनीतियां अपनाना चाहिएय और संस्थानों द्वारा सत्र देर-सुबह शुरू करने या प्रमुख मूल्यांकन देर-सुबह रखने से परिणाम में सुधार हो सकता है, लेकिन शैक्षणिक प्रदर्शन पर दिन के समय के प्रभाव को पूरी तरह से समझने और वाजिब मूल्यांकन सुनिश्चित करने के तरीके विकसित करने के लिए अधिक शोध की आवश्यकता है। शोध पत्र के वरिष्ठ लेखक मेस्सिना विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मासिमो मुच्चियार्डी का कहना है कि अध्ययन में हहम अन्य कारकों को पूरी तरह से शामिल नहीं कर पाए हैं। जैसे हम विद्यार्थियों या परीक्षकों के विस्तृत डैटा (जैसे सोने-जागने की आदतें, तनाव या जैविक लय सम्बंधी जानकारी) नहीं हासिल कर पाए। यही कारण है कि हम अंतर्निहित तंत्रों को उजागर करने के लिए शारीरिक या व्यवहारिक कारकों को शामिल कर आगे के अध्ययनों का सुझाव देते हैं। हालांकि यह शोध इटली में हुआ है, लेकिन इसके निष्कर्ष भारत में भी भलीभांति लागू हो सकते हैं। भारत में भी कई प्रवेश परीक्षाएं आम तौर पर सुबह और दोपहर के समय में आयोजित की जाती हैं।

साभार स्रोत फीचर्स

# इसरो की नई छलांग, आसमान में चमका भारत का बाहुबली



योगेश कुमार गोयल

पिछले दिनों हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम 3-एम 5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-3 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4,410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-3 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है।

'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम 3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया। एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है।

इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रैंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधु.निक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी।

भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम 3-एम 5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निर्माता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी। नारायणन के शब्दों में, 'यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है।' एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के 'विक.सित भारत 2047' के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-3 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम 3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है जबकि इसकी लागत उन मिशनों की तुलना में बेहद कम है। यही भारतीय प्रतिभा और वैज्ञानिक अनुशासन की असली पहचान है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सीएमएस-3 से भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी और रक्षा नेटवर्क दोनों को मजबूती मिलेगी। देश के सुदूरवर्ती द्वीपों, सीमांत इलाकों और समुद्री मार्गों पर निर्बाध संचार स्थापित करना अब अधिक आसान होगा। इस मिशन के जरिए भारत का संचार तंत्र और आपदा प्रबंधन प्रणाली भी अधिक सटीक और प्रभावी होगी। यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज जब विश्व अंतरिक्ष की नई प्रतिस्पर्धा में प्रवेश कर चुका है, जहां अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ में हैं, भारत ने शांत, दृढ़ और सटीक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी अलग पहचान बनाई है। चंद्रयान-3 के बाद 'बाहुबली' की यह सफलता भारत की उसी निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जिसने विज्ञान को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा है। कुल मिलाकर, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल खोज का नहीं बल्कि सशक्त राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन चुका है। सीएमएस-03 केवल एक उपग्रह नहीं बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मविश्वास और दूरदृष्टि का प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच फिर गोलीबारी

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के एक सीमावर्ती जिले में पाकिस्तानी सेना ने भारी हथियारों का भी जमकर इस्तेमाल किया। अफगानिस्तान के स्थानीय मीडिया के अनुसार गोलीबारी स्थानीय समयानुसार गुरुवार शाम लगभग 5 बजे हुई। इसमें कहा गया है कि स्पिन बोल्डक जिले के एक व्यावसायिक बाज़ार पर मोर्टार के गोले दागे गए, जिससे निवा. सियों और व्यापारियों को इलाक़े से भागने पर मजबूर होना पड़ा।

### पाकिस्तान और इराक से 433 अफगानी कैदी रिहा

**काबुल।** पाकिस्तान और इराक की जेलों में बंद 433 अफगानी कैदियों को पिछले सप्ताह रिहा कर अफगानिस्तान भेज दिया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार देर रात यह जानकारी दी। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान में हिरासत में लिए गए 430 लोग दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के रास्ते देश में वापस आ गए। इसके अलावा छह महीने से इराक की जेलों में बंद तीन अन्य कैदी पश्चिमी निमरोज़ प्रांत में पुल-ए-अब्रेसिम सीमा पार करके वापस लौटे।

### वियतनाम में तूफान कालमेगी से पांच लोगों की मौत

**हनोई।** मध्य वियतनाम में तूफान कालमेगी के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय दैनिक लाओ डोंग ने शुक्रवार को यह जानक. ारी दी। तीन मौतें डाक लाक प्रांत में हुईं, जबकि अन्य दो गिया लाई प्रांत में हुईं। स्थानीय अधिकारियों की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार पूरे क्षेत्र में 52 घर ढह गए और 2593 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय अधिकारी नुकसान का आकलन और राहत कार्य जारी रखे हुए हैं। वियतनाम के कृषि एवं पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि तूफान आज तड़के एक उष्णकटिबंधीय दबाव क्षेत्र में कमज़ोर हो गया और फिर दक्षिणी लाओस के ऊपर एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदल गया।

### ब्रिस्बेन हवाई अड्डे पर वर्जिन के विमान में आग लगी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन हवाई अड्डे पर गुरुवार को वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइन के एक विमान के ब्रेक प्रणाली में आग लग गई। वर्जिन ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि विमान में सवार 178 यात्रियों और चालक दल के किसी भी सदस्य को कोई चोट नहीं आई। एयरलाइन कम्पनी ने कहा कि डार्विन से उड़ान भरने वाले बोइंग 737-800 के कल शाम स्थानीय समयानुसार लगभग सात बजे ब्रिस्बेन में उतरने के बाद उसके ब्रेक सिस्टम में आग लग गई।

# श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात

## न्यूनतम तापमान 0.2°C रिकॉर्ड किया गया, पहलगाम में हाड़ कंपाने वाली ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया जबकि श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, जहां न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया तथा घाटी में औसत तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।



मौसम विभाग के अनुसार कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई हिमपात के कारण घाटी में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और कई इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। अनंतनाग जिले के पर्वतीय रिसॉर्ट पहलगाम में शून्य से नीचे 3-0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया जो कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान रहा। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम की अब तक की सबसे सर्द रात थी। तापमान सामान्य 1.9 से गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोकरनाग में 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

■ **तापमान सामान्य 1.9 से गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 2-6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान केन्द्र शासित प्रदेश में मुख्यत: मौसम शुष्क रहने का अनुमान व्यक्त किया है। इसके साथ ही विभाग ने यह भी कहा है कि अगले दो दिनों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है, जिससे पूरे क्षेत्र में शुष्क और ठंडी स्थिति यथावत रहने का अनुमान है।

# डेमोक्रेटस की जीत का ओबामा ने मनाया जश्न

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हालिया चुनावों को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी में जश्न का माहौल है। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा वाशिंगटन में एक कार्यक्रम में अप्रत्याशित रूप से भाग लेते हुए नजर आए।

यहां उन्होंने कहा कि अमे. रिकी वोटर्स अब ट्रम्प के एजेंडे को खारिज कर रहे हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि डेमोक्रेट्स के बीच जारी मतभेदों को दूर किया जा सकता है। ओबामा ने पाड सेव अमेरिका नाम के पाडकास्ट के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हमारा मंगलवार बहुत अच्छा रहा। उनके ये बोलते ही भीड़ ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा संकेत है कि अमेरिकी जनता ध्यान दे रही है। वे निर्दयता नहीं चाहते। वे ऐसे लोगों को नहीं देखना चाहते जो सत्ता में बने रहने के लिए हरसंभव कोशिश करते हैं। न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर और खुद को समाजवादी कहने वाले जोहरान ममदानी और वर्जीनिया और न्यू जर्सी के गवर्नर चुनावों में क्रमशः डेमोक्रेट्स एबिगेल स्पैनबर्गर और मिकी शेरिल की जीत हुई थी। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि 2026 के मध्यावधि चुनावों की तैयारी के दौरान पार्टी अपने प्रगतिशील और मध्यमार्गी गुटों के बीच मतभेदों को कैसे सुलझाएगी। एसोसिएटेड प्रेस के वोटर पोल, जिसमें न्यूयार्क सिटी, वर्जीनिया, न्यू जर्सी और कैलिफोर्निया के 17,000 से अधिक मतदाताओं से राय ली गई है, के मुताबिक अधिकांश मतदाताओं ने तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रदर्शन को अस्वीकार किया और माना कि उनकी कठोर आव्रजन नीति हद पार कर गई। ओबामा ने स्वीकार किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी में अभी काफी काम किया जाना बाकी है, लेकिन कहा कि पार्टी के अलग-अलग गुट एक-दूसरे के साथ चल रहे हैं न कि किसी दिखावे या बनावटी तरीके से। डेमोक्रेटिक पार्टी के समाजवादी नेता और ममदानी के समर्थक सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि डेमोक्रेट्स के बीच मतभेद हैं, लेकिन उन्हें दूर किया जा सकता है।



■ **पूर्व राष्ट्रपति ने कहा: अमेरिकी वोटर्स अब राष्ट्रपति ट्रम्प के एजेंडे को खारिज कर रहे**

# पाक एटमी हथियारों की तस्करी कर रहा: भारत

## विदेश मंत्रालय ने कहा: हमने हमेशा इस बारे में बताया, ट्रम्प ने कहा था-पाक न्यूक्लियर टेस्ट कर रहा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान सालों से सीक्रेट तरीके से न्यूक्लियर एक्टिविटी करता रहा है। इसमें तस्करी, नियम तोड़ना, सीक्रेट साझेदारी और एक्यू खान नेटवर्क शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है। इसी वजह से हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पाकिस्तान के न्यूक्लियर टेस्ट वाले बयान पर भी गौर किया है।

दरअसल ट्रम्प ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान सीक्रेट तरीके से परमाणु परीक्षण कर रहा है। विद. ेश मंत्रालय ने साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में इसी बयान पर प्रतिक्रिया दी है। एक्यू खान नेटवर्क एक सीक्रेट अंतर्राष्ट्रीय परमाणु तस्करी नेटवर्क था, जिसे पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक डा. अब्दुल कदीर खान ने बनाया था। यह नेटवर्क 1970 के दशक से लेकर 2000 के शुरुआती सालों तक एक्टिव रहा। कदीर खान को पाकिस्तान के परमाणु बम के जनक कहा जाता है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए यूरेनियम संवर्धन तकनीक डेवलप की थी, जिससे पाकिस्तान ने 1998 में परमाणु परीक्षण किया। हालांकि बाद में सामने आया कि डा. खान ने यही तकनीक दूसरे देशों तक भी पहुंचाई। इसे ही एक्यू खान नेटवर्क कहा गया। यह नेटवर्क कोई औपचारिक संस्था नहीं था, बल्कि वैज्ञानिकों, इंजी. नियरों और कंपनियों का एक सीक्रेट नेटवर्क था जो अलग-अलग देशों में फैला था। इनके जरिए एटमी प्रोग्राम के लिए जरूरी पुर्जे, मशीनें और डिजाइन चुपचाप ईरान, उत्तर कोरिया और लीबिया जैसे देशों तक पहुंचाए गए।



■ **भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है**

साल 2003 में इस सीक्रेट का पर्दाफाश तब हुआ जब लीबिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को दी। जांच में यह पता चला कि लीबिया को तकनीक पाकिस्तान से मिली थी। इसके बाद 2004 में डा. कदीर खान ने टीवी पर आकर स्वीकार किया कि उन्होंने इन देशों की मदद की थी, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने यह काम अपनी मर्जी से किया, सरकार के आदेश पर नहीं। अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान ने खान को गृह नजरबंद कर दिया और कहा कि नेटवर्क को खत्म कर दिया गया है। ट्रम्प ने कहा था कि अमे. रिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नार्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस,पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता।

## पीओके में पाक के विरुद्ध सड़कों पर जेन-जी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ विरा. ेध-प्रदर्शन भड़क उठा है। नेपाल की तरह ही अब पीओके में भी आंदोलन की कमान जेन-जी ने संभाल ली है। हालांकि, शुरू में छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन शिक्षा सुधार और फीस कटौती पर केंद्रित था लेकिन उनकी मांगों को सुनने के बजाय सेना-पुलिस की मदद से उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई तो हालात बेकाबू हो गए। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिसमें मुजफ्फराबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सड़कों पर उतरे छात्रों को नारेबाजी, तोड़फोड़ करते और टायर आदि जलाते देखा जा सकता है। शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन में बदले विरोध-प्रदर्शन को पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में युवा पीढ़ी के बीच गहराते असंतोष के तौर पर देखा जा रहा है। कई सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा जा रहा है कि नेपाल के बाद अब पीओके में जेन-जी के आंदोलन ने पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए हालात मुश्किल बना दिए हैं। प्रदर्शन मुजफ्फराबाद की एक प्रमुख यूनिवर्सिटी में भारी-भरकम फीस और सुविधाओं के अभाव पर विरोध जताने के लिए शुरू हुआ था। प्रदर्शन शांतिपूर्ण जारी था लेकिन प्रशासन ने यूनिवर्सिटी में सभी राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी। स्थिति तब बिगड़ गई जब एक अज्ञात बंद. ूकधारी ने छात्रों के एक समूह पर गोली चलाई। एक महीने पहले भी पीओके में इसी तरह अशांति हुई थी।

■ **प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर फायरिंग से बढ़ा बवाल, पिछली बार प्रदर्शन के दौरान हिंसा में गई थीं कई जानें**

# गाजा की सुरंग में फंसे 200 हमास लड़ाके

**गाजा।** गाजा के राफा बार्डर के पास करीब 200 हमास लड़ाके एक सुरंग में फंस गए हैं और वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ये लड़ाके मार्च 2025 से यहां फंसे हुए हैं। इजरायली सेना ने इनके बाहर निकलने का रास्ता बंद कर दिया है। इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, ये लड़ाके गाजा के उस हिस्से में मौजूद हैं, जो इजरायल के नियंत्रण में है।

वे सुरंगों के अंदर छिपे हैं, लेकिन अगर पीछे हटने की को. शिश करेंगे तो सीधे इजरायली सैनिकों (आईडीएफ) के हाथों पकड़े जाने का खतरा है। वाईनेट न्यूज के मुताबिक इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कहा है कि उन्हें सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वहीं, इजरायली सेना के चीफ आफ स्टाफ एयाल जमीर ने कहा कि लड़ाकों को निकालने के लिए हमास से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हम उन्हें अंडरवियर में सैन्य ठिकाने ले जाएंगे। कुछ इजरायली मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि अगर हमास के लड़ाके अपने हथियार डाल दें, तो उन्हें बाहर निकलने दिया जा सकता है। हालांकि, नेतन्याहू के दफ्तर ने इस दावे को झूठा बताया और साफ किया कि किसी भी हमास सदस्य को माफी या सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

सदे तेइमान एक सैन्य ठिकाना है जो इजरायल के नेगेव रेगिस्तान में गाजा की सीमा के नजदीक है और अक्टूबर 2023 के बाद इसे गाजा से पकड़े गए लोगों को रखने और पूछताछ करने के लिए इस्तेमाल किया गया है। कुछ रिपोर्ट्स के मुता. बिक यहां पर हजारों फिलिस्तीन कैदी हैं। जमीर ने सरकार को सलाह दी कि जब तक सभी बंधक और शहीद सैनिकों के शव वापस नहीं आ जाते, तब तक सीजफायर समझौते के अगले चरण पर नहीं बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त किए बिना वहां किसी तरह का कामकाज शुरू नहीं होना चाहिए।


■ **इजरायल ने निकलने का रास्ता बंद किया, इजरायली सेना बोली: इन्हें अंडरवियर में आर्मी कैंप ले जाएंगे**

# अमेरिका में 40 एयरपोर्ट्स पर 700 उड़ानें बंद

## ट्रम्प के शटडाउन की वजह से स्टाफ नहीं मिल रहा, बिना वेतन काम कर रहे कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन हुए 37 दिन बीत चुके हैं। इसका सबसे ज्यादा असर हवाई यात्रा पर पड़ रहा है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने 40 बड़े हवाई अड्डों पर उड़ानों में कटौती का ऐलान किया है। शुक्रवार सुबह से यह कटौती शुरू हो गई है। इसमें न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी के बड़े एयरपोर्ट्स शामिल हैं। कुल 40 में से ज्यादातर देश के सबसे व्यस्त हब हैं।

इससे थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं। रायटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई बड़े एयरलाइंस पहले ही उड़ानें कैंसिल कर चुके हैं। अब तक कुल 700 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल हो चुकी हैं। इसमें रीजनल और मुख्य उड़ानें शामिल हैं। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें इससे बचेंगी। एफएए के मुताबिक यह कदम एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की कमी को कम करने के लिए उठाया गया है। ये कंट्रोलर्स एक महीने से ज्यादा समय से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। उड़ानों में कटौती के बाद कई बड़े एयरलाइंस उड़ानें कैंसिल कर रहे हैं। रोजाना 1,800 उड़ानें कैंसिल होने का खतरा, 2.68 लाख लोग प्रभावित, यह कटौती धीरे-धीरे बढ़ेगी। शुक्रवार से 4 प्रतिशत उड़ानें कम होंगी, 14 नवम्बर तक यह 10 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। यह सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इससे घरेलू उड़ानें प्रभावित होंगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इससे रोजाना 1,800 उड़ानें रद्द हो सकती हैं। वहीं, करीब 2.68 लाख लोग प्रभावित होंगे। डेल्टा एयर लाइंस ने शुक्रवार के लिए 170 उड़ानें रद्द कीं। यूनाइटेड एयरलाइंस ने 200 उड़ानें कैंसिल कीं। यह उनके शुक्रवार के शेडयूल का 4 प्रतिशत है। वही, अमेरिकन एयरलाइंस ने 220 उड़ानें कम कीं। साउथवेस्ट एयरलाइंस ने 100 उड़ानें रद्द कीं। एयरलाइंस फार अमेरिका ने कहा कि हम सरकार के साथ मिलकर यात्रियों की परेशानी कम करने की कोशिश कर रहे हैं। एफएए ने कहा कि एयरलाइंस खुद तय करेंगी कि कौन सी उड़ानें रद्द करनी है। फ्रंटियर समेत कई बड़ी एयरलाइंस ने अगले 10 दिनों के भीतर ट्रैवल करने वाले यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। फ्रंटियर एयरलाइंस के सीईओ बैरी बिफल ने इंस्टाग्राम पर कहा कि अगर आप शुक्रवार या अगले 10 दिनों में उड़ान भरने वाले हैं। तो बैकअप टिकट बुक करें। दूसरी एयरलाइन पर इकोनामी टिकट लें।




■ **थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं**




श्रीनगर। नशा विरोधी रैली में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

# ट्रम्प नीति को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की मुहर

## पासपोर्ट पर लिंग पहचान सीमित, ट्रांसजेंडर समुदाय में नाराजगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को ऐसी नीति लागू करने की मंजूरी दे दी है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर और नानबाइनरी लोग (ऐसे लोग जो खुद को केवल पुरुष या महिला के रूप में नहीं पहचानते हैं) अब अपने पासपोर्ट पर अपनी लैंगिक पहचान खुद नहीं चुन पाएंगे।

इस फैसले से पहले एक निचली अदालत ने आदेश दिया था कि सरकार लोगों को पासपोर्ट पर पुरुष, महिला या अन्य लिंग में से अपनी पहचान चुनने की अनुमति देती रहे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट के छह जजों की बहुमत वाली बेंच ने कहा कि पासपोर्ट पर जन्म के समय का लिंग दिखाना, समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है। यह देश के जन्मस्थान दिखाने जैसा ही है, सिर्फ एक तथ्यात्मक विवरण। तीन लिबरल जजों ने इस फैसले का विरोध किया। जस्टिस केतानजी ब्राउन जैक्सन ने कहा कि यह नीति ट्रांसजेंडर लोगों को 'हिंसा, उत्पीड़न और भेदभाव' के खतरे में डालती है। उन्होंने लिखा कि यह अदालत एक बार फिर ऐसे कदम को मंजूरी दे रही है जिससे लोगों को तुरंत नुकसान पहुंचेगा, बिना किसी ठोस कारण के। जैक्सन ने यह भी कहा कि यह नीति ट्रम्प के उस कार्यकारी आदेश से निकली है, जिसमें ट्रांसजेंडर पहचान को झूठा और विनाशकारी बताया गया था। अमेरि. कन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) के वकील जान डेविडसन ने कहा कि यह फैसला बेहद दुखद है। यह लोगों को अपनी असली पहचान से दूर करने की को. शिश है और ट्रांसजेंडर समुदाय के खिलाफ सरकार के अभियान को और बढ़ावा देगा। कई ट्रांसजेंडर और नानबाइनरी लोगों ने अदालत में बताया था कि जब उनके पासपोर्ट पर उनकी पहचान गलत होती है, तो उन्हें हवाई अड्डों और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर अपमान, तलाशी और हिंसा का सामना करना पड़ता है। ट्रम्प प्रशासन ने दलील दी कि पासपोर्ट विदेशी मामलों का हिस्सा हैं और यह पूरी तरह से कार्यपालिका (राष्ट्रपति) के अधिकार में आता है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने इस फैसले को 'कामन सेंस और राष्ट्रपति ट्रम्प की विचारधारा की जीत' बताया। अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने कहा कि सिर्फ दो ही लिंग हैं, पुरुष और महिला। न्याय विभाग इस सच्चाई की रक्षा करता रहेगा।



■ **पासपोर्ट पर जन्म के समय का लिंग दिखाना, समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है: अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट**

# न्यूयॉर्क की कहानी, प्यूर्टो रिको के बिना अधूरी: ममदानी

**सैन जुआन।** न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने चुनाव जीतने के बाद प्यूर्टो रिको का दौरा किया, जहां हर साल न्यूयार्क के राजनेता और लाबिस्ट जमा होते हैं। यह वार्षिक सम्मेलन श्सोमोसश के नाम से जाना जाता है और राजनीतिक रणनीति, चर्चाओं और मेलजोल का केंद्र माना जाता है।

समुद्र तट पर आयोजित स्वागत समारोह में जोहरान ममदानी का जोरदार स्वागत किया गया। वहां मौजूद भीड़ ने तालियों बजाकर उनका स्वागत किया, और न्यूयार्क की अटार्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने मंच से सबको 'ममदानी, वो-ओ-ओ-ओ' गीत गाने के लिए प्रेरित किया, पुराना मशहूर गीत 'वोलेरे' की धुन पर। जोहरान ममदानी ने सभा को संबो. धित करते हुए कहा कि मैं सोमोस में आकर बहुत खुश हूं। न्यूयॉर्क सिटी की कहानी आप प्यूर्टो रिको की कहानी के बिना नहीं बता सकते। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने यहां का पारंपरिक पकवान 'मोफोंगो' खाया और उसकी तारीफ की। इस सम्मेलन के दौरान 'राइजिंग कम्युनिटीज के जरिए वर्कफोर्स डेवलपमेंट' और 'ह्यूमन सर्विसेज का जश्न' जैसे विषयों पर कार्यक्रम रखे गए हैं। इसके अलावा कई विधाई कार्यशालाएं भी होंगी। आमतौर पर यह सम्मेलन चुनाव के बाद नेताओं के लिए आराम, बातचीत और नेटवर्किंग का मौका होता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108